**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 246 लखनऊ, रविवार 21 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

# राजस्थान से योगी का आह्वान, 'कांग्रेस को बना दीजिए इतिहास'

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान की धरती से आह्वान किया है कि कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बना दीजिए। उन्होंने कहा जब राजस्थान की धरती अंगड़ाई लेती है तो पूरे देश में उसकी गूंज सुनाई देती है। कांग्रेस की ऐसी गति कीजिए कि लोग कहें 'एक थी कांग्रेस'। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं सत्य का पथिक हूं और राजस्थान की धरा पर सत्य की आवाज को मजबूती मिलती है, यही कारण है कि यहां मुझे सबसे ज्यादा प्यार मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पूर्वज राजस्थान से ही गये थे, उनके दादा गुरु ने मेवाड़ की ध ारती से गोरखपुर आकर राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। योगी ने महारानी पद्मिनी के जौहर को किया नमन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजसमंद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, यहां भक्ति और शक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। बप्पा रावल की वीरता से लेकर महाराणा प्रताप के स्वदेश और स्वाभिमान पर पूरा देश गौरव की अनुभूति करता है। महारानी पद्मिनी के जौहर को कौन भुला सकता है। आज यूपी से इस धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि मीरा बाई की भक्ति



हम सबके मन में राष्ट्रभक्ति की एक नई ज्वाला पैदा करती है। ये भूमि कृष्ण की भक्ति में लीन मीराबाई को वृंदावन से जोड़कर राजस्थान और यूपी के संबंधों को मजबूत करती है। योगी ने की भील और मीणा जातियों की वीरता की चर्चा योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन लोगों ने महाराणा प्रताप की जगह अकबर को महान बनाने का कार्य किया। महाराणा प्रताप विपरीत परिस्थितियों में धैर्य न खोकर लड़ते रहे। उन्होंने कष्ट सहकर देश और स्वधर्म की रक्षा की। उस वक्त की सबसे बड़ी ताकत कहे जाने वाले अकबर को उन्होंने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। इस धरती ने कभी भी स्वदेश, स्वधर्म और स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया है। योगी ने कहा कि कांग्रेस के लोग भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने में कोई संकोच नहीं करते। देश की आस्था पर प्रहार करने के लिए ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं। हमें भी कांग्रेस को वोट देकर अपने इतिहास को कलंकित नहीं करना है। कोई स्वाभिमानी कौम ऐसा नहीं कर सकती। उन्होंने महाराणा प्रताप के साथ राजस्थान की भील और मीणा जातियों की वीरता की भी चर्चा की। भारत को बदहाल देखना चाहते हैं कुछ लोग

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि लोग पूछते हैं कि राजस्थान में उन्हें इतना प्यार क्यों मिलता है। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि मैं सत्य का पथिक हूं और राजस्थान की धरती पर सत्य की आवाज को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि देश अपने भाग्य के ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां एक तरफ मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा जा रहा है, दूसरी ओर ऐसे लोग हैं जो भारत को बदहाल देखना चाहते हैं। 10 साल में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। कोई विध ार्मी भारत की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता। आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हुआ है। पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है। उसे पता है कि भारत में कोई आतंकवादी घटना होती है तो उसे लेने के देने पड़ जाएंगे।पाकिस्तान की मस्जिदों में विस्फोट हो रहे, लोगों के चीथड़े उड़ रहे योगी आदित्यनाथ ने देश में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है, जबकि पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग एक जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। आज वहां मस्जिदों में विस्फोट हो रहे हैं और लोगों के चीथड़े उड़ते हैं। पाकिस्तान बड़ी ठसक के साथ भारत से अलग हुआ था, मगर आज वहां लोग बदहाली की जिंदगी जी रहे हैं। दूसरी तरफ आज भारत में दिल्ली और जयपुर से एक क्लिक पर पैसे सीधे गरीब जनता के खाते में जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने आयुष्मान भारत योजना, फ्री बिजली कनेक्शन,

## खुल गई उद्धव ठाकरे के झूठ की पोल, फडणवीस ने आदित्य को मुख्यमंत्री पद के लिए तैयार करने के दावे पर साधा निशाना

एजेंसी।

महाराष्ट्र। फडणवीस ने आलोचना करते हुए कहा कि आज यह पूरी तरह उजागर हो गया कि एक झूठ दूसरे झूठ को छुपाने के लिए बोला जा रहा है। उद्धव जी पहले तय कर लें कि अमित शाह ने कहा या देवेन्द्र ने कहा। एक अखबार को दिए इंटरव्यू में उद्धव ठाकरे ने कहा कि आदित्य को मुख्यमंत्री पद के लिए तैयार कर देवेंद्र फडणवीस दिल्ली जा रहे थे। ये बात खुद फडणवीस ने मुझे बताई लेकिन उन्होंने मेरे अपने लोगों के सामने मुझसे झूठ बोला। उद्धव ठाकरे के सीक्रेट ब्लास्ट पर देवेन्द्र




फडणवीस ने पलटवार किया है। अमरावती में एक चुनावी सभा में देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे के इस दावे को खारिज कर दिया है। ये वो लोग हैं जो झूठ तो बोलते हैं लेकिन सोच–समझकर बोलते हैं। आज तो अनर्थ हो गया। सच बोलने के लिए सोचना नहीं पड़ता, झूठ बोलने के लिए सोचना पड़ता है। एक बार झूठ बोलने पर बार–बार झूठ बोलना पड़ता है, तब कहीं जाकर पोल खुलती है। खुल गई उद्धव ठाकरे की पोल। मुझे लगता है कि हमारे पुराने मित्र उद्धव ठाकरे थोड़े भ्रमित हैं। आज उन्होंने कहा कि देवेन्द्र फडणवीस ने मुझसे कहा था कि मैं आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाऊंगा और दिल्ली जाऊंगा। देवेन्द्र फडणवीस ने पूछा है कि वे पागल हो गए होंगे, मैं नहीं? कल तक उन्हें यह भ्रम था कि अमित शाह उन्हें किसी कमरे में ले गये और कहा कि मुख्यमंत्री तुम्हें बना रहे हैं, यह कल तक भ्रम था। आज उनका भ्रम बदल गया है, आज वे कहते हैं कि देवेन्द्र ने आदित्य को बताया कि वह मुख्यमंत्री हैं। फडणवीस ने आलोचना करते हुए कहा कि आज यह पूरी तरह उजागर हो गया कि एक झूठ दूसरे झूठ को छुपाने के लिए बोला जा रहा है। उद्धव जी पहले तय कर लें कि अमित शाह ने कहा या देवेन्द्र ने कहा। अमित भाई ने कहा कि मुख्यमंत्री आपको बनाते हैं, देवेन्द्र ने कहा कि आदित्य को मुख्यमंत्री बनाते हैं। ये भ्रांतिपूर्ण हैं। अब कुर्सी जाने के बाद उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा।

## नोएडां में स्थित सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने एक बच्चे पर हमला किया, मामला दर्ज

संवाददाता

नोएडा जिले के एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने एक बच्चे पर कथित तौर पर हमला कर उसे घायल कर दिया। थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि पीड़ित बच्चे के पिता अन्नपूर्णा सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने कि सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में यह घटना घटी है। नोएडा (उत्तर प्रदेश) । गौतमबुद्ध नगर जिले के एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में पालतू कुत्ते द्वारा एक बच्चे पर कथित तौर पर हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना एक्सप्रेसवे की प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि अन्नपूर्णा सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह



सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में रहती हैं और शुक्रवार की शाम को उनका बेटा अर्थव सिंह लिफ्ट से जा रहा था। इसी दौरान सोसाइटी में रहने अनुज वाही का बेटे अपने पालतू कुत्ते के साथ लिफ्ट में आया और तभी कुत्ते ने अर्थव पर हमला कर दिया। मलिक ने बताया कि सिंह ने अपने बेटे का इलाज फेलिक्स अस्पताल में कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर धारा 289 के तहत मामला दर्ज कर लिया और

## गर्मी में थाइलैंड चले जाते हैं राहुल, मथुरा में बोले अमित शाह, पहले चरण में ही कांग्रेस–सपा का हो गया सूपड़ा साफ



संवाददाता।

मथुरा शाह ने कहा कि 70 वर्षों तक, कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा। मोदी जी ने 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। कांग्रेस और सपा को प्राण–प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक के लालच में ये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं ध्गए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान में कांग्रेस–सपा गठबंधन का सफाया हो गया। शाह ने वृन्दावन में भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको पहले चरण का नतीजा बता दूं, किसी को मत बताना, मैं आपको बताऊंगा– पहले चरण में कांग्रेस, सपा का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी इस यात्रा को जारी रखते हुए, वृंदावन से काशी तक कमल को विजयी बनाना है।शाह ने कहा कि 70 वर्षों तक, कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा। मोदी जी ने 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। कांग्रेस और सपा को प्राण–प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक के लालच में ये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं ध्गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश को समृद्ध किया है, देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत, दुनिया का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा अर्थतंत्र बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी वो नेता हैं, जिन्होंने किसानों की भूमि को सुरक्षित करने का काम किया है। चौधरी साहब ने कांग्रेस, किसानों की भूमि बचाने के लिए छोड़ी थी। कांग्रेस ने इतने सालों तक उन्हें श्भारत रत्नश नहीं दिया। चौधरी चरण सिंह जी को श्भारत रत्नश देने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पलायन हो रहा था, सपा के गुंडे लोगों को परेशान कर रहे थे। लोग यूपी छोड़ कर जा रहे थे। 2017 में आपने भाजपा सरकार बनाई, योगी जी ने कानून व्यवस्था को ठीक किया। जिसके बाद लोगों ने नहीं, गुंडों ने पलायन किया। वहीं, मथुरा में शाह ने मतदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा, दूसरे चरण में इसी यात्रा को आगे निकाल कर उत्तर प्रदेश की जनता को वृंदावन होते हुए काशी तक कमल (भाजपा के चुनाव चिह्न) को विजयी बनाना है। विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले, घपले, भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी है और दूसरी ओर ऐसे नरेन्ध्द्र मोदी हैं जिन्होंने 23 साल तक मुख्यमंत्री रहकर शासन किया लेकिन उन पर चार आने के भ्रष्ध्टाचार का आरोप नहीं है। शाह ने कहा, दो खेमे हैं। एक ओर गरीब के घर में पैदा हुए हमारे नेता नरेन्ध्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल बाबा हैं। दोनों के बीच में आपको तय करना हैं। शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध यक्ष राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा, एक ओर गर्मी आते ही विदेश में थाईलैंड के निजी द्वीप पर छुट्टी मनाने वाले राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर दीपावली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले नरेन्ध्द्र मोदी हैं। आपको इन दोनों के बीच में तय करना है। मोदी जी ने 10 साल में देश को आगे बढ़ाने का काम किया है।''

## भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी – धर्मपाल सिंह

लखनऊ(आररएनएस) ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को जौनपुर एवं गाजीपुर में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में बूथ विजय का मंत्र सौंपा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य बड़े अंतर के साथ प्रदेश की सभी 80 सीटों पर चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता, सम्पर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपना है तथा प्रत्येक बूथ पर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने टिफिन बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि टिफिन बैठक में कार्यकर्ता अपने आस पास के लोगो को भी जोडेध्। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी के साथ देश के सामने है। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस, सपा, बसपा का अपने परिवार की समृद्धि और खुशहाली का ऐजेंडा है। वहीं दूसरी ओर मोदी जी की देश की समृद्धि और देशवासियों की खुशहाली की गारंटी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार बनाने के लिए अबकी बार 400 पार जीतकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार मजबूत सरकार बनाना है। 400 पार की सरकार विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करेगी तथा नारी, युवा, किसान व गरीब के आर्थिक व सामाजिक उत्थान का कारक बनेगी। ध र्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि बूथ समिति की मजबूत संरचना तथा सक्रियता संगठन की रणनीति को माइक्रोलेवल पर प्रभावी बनाती है। यही कारण है कि भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अभी उहापोह की स्थिति में है। जबकि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ता घर–घर तक संवाद कायम किये हुए है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है। इसलिए झूठ, छल, प्रपंच ही विपक्ष के हथकंडे है। हमें सजग रहकर विपक्ष के हर षडयंत्र को समाप्त करना है।

## उत्तर प्रदेश के माफिया राज को परदे पर प्रदर्शित करेगी फिल्म जौनपुर जंक्शन निर्देशक जे संतोष अश्वडिशन लेने और लोकेशन देखने पहुंचे लखनऊ

लखनऊ(आररएनएस)। चिनहट स्थित गणपति होटल में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म श्जौनपुर जंक्शनश का ऐलान किया गया। इस फिल्म का निर्माण और निर्देशन श्रॉयल रील प्रोडक्शन्सश के तहत हो रहा है। इस फिल्म के निर्माता हैं गुर्जीत अरोड़ा और सह–निर्माता हैं मीनाक्षी निजाम। फिल्म का निर्देशन जे संतोप कर रहे हैं। इस फिल्म में विपिन तिवारी लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर काम कर रहे हैं। श्जौनपुर जंक्शनश की कहानी उत्तर प्रदेश के अपराध इतिहास पर आधारित है, जो किसी अलगाववादी और दिलचस्प पहलू को परिदृश्य में लेकर आती है। इस अद्ध्भुत प्रोजेक्ट के तहत आज ऑडिशन भी लिए गए, जिसमें कई नए टैलेंटेड अभिनेता और अभिनेत्रियों ने भाग लिया। यह फिल्म न केवल उत्तर प्रदेश की क्रांतिकारी कहानी को दर्शाएगी, बल्कि नई प्रतिभाओं को भी मंच पर लाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। जे संतोष ने कहा, ष्इस फिल्म के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश के अपराध इतिहास को सामने लाने के साथ साथ नए प्रतिभाओं को भी मौका देना चाहते हैं।ष फिल्म श्जौनपुर जंक्शनश की रिलीज की तारीख और अन्य विवरणों की जल्द ही घोषणा की जाएगी।

## बिहार में कम मतदान के बावजूद राजग को कोई चुनौती नहीं है– चिराग पासवान

एजेंसी

पटना बिहार में अपेक्षाकृत कम मतदान होने को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए राज्य में कोई चुनौती नहीं है। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों के गठबंध ान 'इंडिया' इस बार प्रदेश में एक भी सीट नहीं जीत पाएगा।

पटना । लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार में अपेक्षाकृत कम मतदान होने को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए राज्य में कोई चुनौती नहीं है। पासवान ने दावा किया कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' इस बार प्रदेश में एक भी सीट नहीं जीत पाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व जनशक्ति पार्टी (रामविलास) राज्य की 40 में से पांच सीट पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, ''बिहार में मतदान का प्रतिशत कम है क्योंकि यहां विपक्ष कमजोर स्थिति में है। हालांकि राजग हर जगह अच्छा प्रदर्शन करने जा रहा है। पश्चिम बंगाल में उसके लिए कुछ चुनौतियां हैं, यही कारण है कि वहां के मतदाताओं ने कल बड़ी संख्या में मतदान किया।'' बिहार में चार सीट – जमुई, नवादा, गया और औरंगाबाद – पर पहले चरण में शुक्रवार को 48.23 प्रतिशत मतदान हुआ। पासवान लगातार दो बार से जमुई सीट का प्रतिनिध ित्व कर रहे थे, लेकिन इस बार वह अपने दिवंगत पिता राम विलास पासवान के गढ़ हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं और जमुई से अपने बहनोई अरुण भारती को मैदान में उतारा है। पासवान ने एक वायरल वीडियो का भी जिक्र किया जिसमें एक रैली में लोगों द्वारा अपमानजनक का उपयोग



## सघन जाच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1859 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

लखनऊ(आररएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1859 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 19 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4291 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,57,190 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,28,329 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7168 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7189 कारतूस, 2856.5 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2817 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 138 केन्द्रों को सीज किया गया।19 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 03 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोध ात्मक कार्यवाही करते हुए 37,327 लोगों को पाबन्द किया गया।

# सपा अपने दम पर नहीं जीत सकती है चुनाव – भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ (आरआरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव द्वारा चुनावी रैली में लगाए गए आरोपों पर करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं, जिसका असली अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी है। जिस तरह से उन्होंने अपने परिवारीजनों को टिकट बांटे हैं, उससे स्पष्ट है कि उनकी नीयत पीड़ित और दलितों के विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवार के विकास को लेकर है। प्रदेश की जनता उनकी हकीकत अच्छी तरह जान चुकी है और इन आम चुनावों में वो एक बार फिर उनकी मंशा को नकार रही है। उन्होंने कहा कि वो जानते हैं कि अकेले दम पर वह उत्तर प्रदेश में भाजपा का सामना नहीं कर सकते। इसीलिए वो दूसरे दलों के साथ गठबंधन कर रहे हैं, लेकिन अफसोस कि उन्होंने जिन दलों से गठबंधन किया है, उनका वजूद ही यूपी से खत्म हो चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपनी जमीन खो चुके समाजवादी पार्टी के मुखिया फिर से सत्ता सुख भोगने के लिए आतुर हैं। इसके लिए वो अलग–अलग पार्टियों से गठबंधन करते फिर रहे हैं। इसके बावजूद वह जनता का दिल जीतने में बार–बार नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन पहले ही दो लड़कों और बुआ–बबुआ की जोड़ी को सिरे से नकारा चुकी है। एक बार फिर वही पुरानी दो लड़कों की जोड़ी यूपी आई है और फिल्म की शूटिंग कर रही है। लेकिन प्रदेश की जनता को रील नहीं रियल डेवलपमेंट चाहिए जो विगत 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 7 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिल रहा है। वो पश्चिम को लेकर क्या बात कर रहे हैं, उनकी पश्चिम से लेकर पूरब तक हार सुनिश्चित है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मेरठ की जनता को उनके झूठे वादों पर भरोसा नहीं हैं। वो जानती है कि ये किसानों का, युवाओं का और गरीबों का हक मारने वाले लोग हैं। ये सामूहिक नकल के हिमायती लोग हैं, नौकरियों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोग हैं। अब यह भेष बदलकर जनता को बरगलाना चाहते हैं, लेकिन भूल रहे हैं कि 2014, 2017, 2019 और 2022 में जनता के आगे उनकी एक नहीं चली तो अब क्या चलेगी।

# भाजपा का पहला शो फ्लाप हो गया है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आररएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम की हवा ने सब पलट दिया है। भाजपा का पहला शो फ्लॉप हो गया है। भाजपा को कोई वोट नहीं देना चाहता है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी कहानी अब कोई नहीं सुनना चाहता है।अखिलेश यादव आज शनिवार को मेरठ लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि मेरठ की धरती क्रान्तिकारी है। मेरठ ने देश को अंग्रेजों से आजादी दिलायी थी। अब मेरठ की जनता भाजपा के दस साल के कुशासन से आजादी दिलायेगी। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। तीन काले कानून लाकर किसानों के खिलाफ कानून बनाया था। किसानों ने भाजपा सरकार के काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन किया। हजारों किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा सरकार काले कानून वापस लेने पर मजबूर हुई। कहा कि किसान सरकार से फसलों के एमएसपी की गारन्टी चाहता था। भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। किसानों को अपमानित किया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को फसलों की एमएसपी का अधिकार दिया जाएगा। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ नौजवानों के साथ धोखा किया। नौकरियां नहीं दी। सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। भाजपा सरकार ने जानबूझकर पेपर लीक कराया जिससे कि नौकरी और आरक्षण न देना पड़े।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर मुद्दे पर फेल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा ने हर वर्ग से वादाखिलाफी की है। पहले जुमलेबाजी करते थे, अब गारन्टी के नाम पर छलना चाहते है।कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जनता को भाजपा की गारन्टी नहीं बाबा साहब के संविधान में मिले अधिकार की गारन्टी चाहिए। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने जनता को संविधान दिया है वह सबसे बड़ी गारन्टी है। संविधान से ही जनता को अधिकार और आरक्षण मिला है। सभी को सम्मान मिलता है। वोट देने का अधिकार और सरकार बनाने का अधिकार मिलता है। भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ वोट करके बाबा साहब अम्बेडकर के बनाये संविधान को बचाना है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की गोदाम बन गयी है। सारे भ्रष्टाचारी भाजपा में चले गए हैं। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। लूट मचाई है। भाजपा के बड़े–बड़े नेता इलेक्टोरल बांड के नाम से घबराये हुए हैं। जैसे इलेक्टोरल बांड की बात होती है, भाजपा नेता बेहोश होने लगते हैं। भाजपा चुनाव चंदे का हिसाब नहीं देना चाहती। भाजपा ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स लगाकर चंदे के नाम पर वसूली की है। एक हजार, पांच सौ, छह सौ, चार करोड़ रूपये वसूला है। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। जब इलेक्टोरल बांड की वसूली से इनकी बदनामी होने लगी तो भाजपा ने इससे ध्यान हटाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को झूठे मुकदमें में जेल भिजवा दिया। भाजपा ने विपक्ष के बहुत नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाये। प्रताड़ित किया है। भाजपा की पहचान झूठ और लूट है। भाजपा सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी है।

# बेतहाशा गर्मी में भी योगी की झलक पाने उमड़ा उत्साहित राजस्थान

## राजस्थान के चुनावी समर में जनमानस ने यूपी के मुख्यमंत्री पर की गुलाब के पंखुड़ियों की वर्षा





चित्तौड़गढ़।लखनऊ (आररएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव–2024 के मद्देनजर शनिवार को दूसरी बार राजस्थान के चुनावी समर में उतरे। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा उम्मीदवार सीपी जोशी के लिए रोड शो किया। बेतहाशा गर्मी में भी राजस्थान की सड़कों पर 'मोदी–मोदी, योगी–योगी' की ही गूंज रही। आमजन से मिले स्नेह से अभिभूत योगी ने इस सीट पर फिर से 'कमल का फूल' खिलाने की अपील की तो मतदाताओं ने विश्वास दिलाया–अबकी पार 400 पार, फिर एक बार–मोदी सरकार। मुख्यमंत्री योगी व सीपी जोशी ने भैरो सिंह शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। पहले चरण के तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है–योगी रोड शो के समापन स्थल पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि से वीरभूमि मेवाड़ को प्रणाम करने आया हूं। इस धरा का इतिहास है कि यह राष्ट्रवाद के मुद्दे से कभी विचलित नहीं हुई। भारत मां के सर्वस्व बलिदान के लिए यह वीरभूमि सदा तत्पर रही है। आधुनिक भारत के तीर्थ के रूप में इस धरा को पूरा भारत कोटि–कोटि प्रणाम करता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शुक्रवार को संपन्न हुए पहले चरण के 102 लोकसभा सीटों के रुझान बताते हैं कि पूरे देश की आवाज है–फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार–400 पार का लक्ष्य सफल होने जा रहा है। प्रचंड तूफान ने फिर से मोदी जी को सत्ता सौंपने का प्रण कर लिया है। कांग्रेस की जातिवादी–सांप्रदायिक सोच के कारण देश ने बहुत नुकसान सहा है। कांग्रेस सुरक्षा व आस्था से खिलवाड़ करने वाली पार्टी है। आज भारत में पटाखा फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, लेकिन कांग्रेस के समय आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। कांग्रेसी बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। योगी ने आह्वान किया कि सीपी जोशी ने साबित किया है कि वे चित्तौड़गढ़ के सबसे उपयुक्त प्रत्याशी हैं। जनता 2014 व 2019 के वोटों को मिलाकर उससे अधिक वोटों से जोशी को जिताकर सदन में भेजें। गुलाब की पंखुड़ियों और ढोल–नगाड़ों संग योगी का स्वागत चित्तौड़गढ़ के मतदाता योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को सड़कों पर खड़े रहे। बेतहाशा गर्मी भी उनके इरादे न डिगा सकी। यहां रोड शो में लोगों ने गुलाब की पंखुड़ियों से योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। घरों की छतों पर खड़े पुरुष, बच्चे, युवा–बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चियां पुष्पवर्षा करती रहीं। आमजन योगी आदित्यनाथ के रोड शो को मोबाइल में कैद करते दिखे। भगवा रंग की साड़ियों में महिलाओं ने योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। आ रहे भगवाधारी, अब है मथुरा की बारी चित्तौड़गढ़ रोड शो के दौरान खूब गीत बजे। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। आ रहे हैं भगवाधारी, अब है मथुरा की बारी गीतों के जरिए योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। हर तरफ योगी–योगी, जोर है मोदी–मोदी। आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही। अबकी 400 बार, लख बधाई मोदी जी, हमें भगवा लहराना है आदि गीत पर कलाकार खूब थिरकते रहे। रोड शो में ढोल, मजीरा, नगाड़ों आदि का स्थानीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया। रोड शो के दौरान सड़कों पर राजस्थान का लोकनृत्य भी दिखा। कमल निशान लेकर चलते रहे योगी, अल्पसंख्यकों के भी सिर चढ़कर बोला बाबा का जादू रोड शो के दौरान योगी आदित्यनाथ ने भी चित्तौड़गढ़ के मतदाताओं का अभिवादन किया तो हाथ में कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर भी वोट देने के साथ ही यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। हर तरफ सिर्फ भारतीय जनता पार्टी का झंडा ही फहराता दिखा। रास्ता भी भगवा गुब्बारों से सजा रहा। चित्तौड़गढ़ के रोड शो में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू राजस्थान वालों के सिर चढ़कर बोला। रोड शो के दौरान रास्ते में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिवादन किया। बुलडोजर पर खड़े होकर बाबा का स्वागतयोगी आदित्यनाथ के रोड शो में बुलडोजर भी

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा के पक्ष में जो लहर चली है वह पूर्वांचल में पहुंचते पहुंचते सुनामी बन जाएगी - ब्रजेश पाठक

लखनऊ(आररएनएस) । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को शाहजहांपुर के कांट में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि पहले चरण में हुए मतदान से ही तय हो गया है कि पार्टी को बड़ी जीत मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की सरकारों के गरीब कल्याण के कार्यों की सराहना पूरी दुनिया में हो रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था तो दुनिया के लिए मिसाल है।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा के पक्ष में जो लहर चली है वह पूर्वांचल में पहुंचते पहुंचते सुनामी बन जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा जीतने जा रही है। उन्होंने कहा जनता ने मन बना लिया है। नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनेगी तो देशहित के और भी बड़े निर्णय लिए जाएंगे। तीसरी बार मोदी जी की सरकार बनेगी तो जिन लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है उन्हें भी प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ मिलेगा। कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा उतना ही भाजपा प्रत्याशी की जीत का अंतर बढ़ेगा। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपनी अपनी टीम के माध्यम से सरकार की योजनाओं के साथ संकल्प पत्र के बारे में जानकारी घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। कहा कि शाहजहांपुर के हर घर में भाजपा के पक्ष में जीत की अपील पहुँच जानी चाहिए। अधिक से अधिक लोग मतदान के लिए आयें इसके लिए भी प्रयास करने होंगे। इस दौरान वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, भाजपा प्रत्याशी सांसद अरुण सागर, ददरौल से उपचुनाव प्रत्याशी अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने धरना दे रहे छात्रों से की मुलाकात व जांच कमेटी का किया गठन

लखनऊ(आररएनएस) बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को देर शाम विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने धरना दे रहे छात्रों से मुलाकात कर लगभग ढाई घंटे तक उनसे वार्ता की और उनसे धरना समाप्त करने की अपील की। इस अवसर पर छात्रों ने कुलपति को अपना लिखित मांग पत्र भी सौंपा।धरना दे रहे छात्रों के मांगों के संदर्भ में कुलपति जी ने उनको बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संपूर्ण जांच होने के पूर्व किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई करना उचित नहीं होगा। किंतु धरने पर बैठे छात्र अपना धरना समाप्त करने के लिए तैयार नहीं हुए तथा प्रॉक्टर एवं सुरक्षा अधिकारी को उनके कार्य से विरक्त करने की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच कुलपति जी ने विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल को आयोजित डॉ० अंबेडकर जयंती समारोह से आरंभ हुए संपूर्ण घटनाक्रम की जांच हेतु विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों की एक जांच समिति गठित कर दी है । इसके अतिरिक्त छात्र आचार संहिता के नियमों के अनुरूप जांच हेतु इसे अनुशासन समिति को भी अग्रसारित कर दिया गया है। वार्ता के दौरान कुलपतिजी ने छात्रों को आश्वस्त किया की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके साथ किसी प्रकार की कोई रियायत नहीं बरती जाएगी और विश्वविद्यालय परिसर के शैक्षणिक माहौल को खराब करने के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

# रुसलान के ट्रेलर ने दर्शकों को किया उत्साहित, उसके खोज का हिस्सा बनने के लिए कर रहे हैं बेसब्री से इंतजार

लखनऊ(आररएनएस) मच अवेटेड फिल्म रूसलान से सामने आया दमदार डायलॉग, खूबसूरती से ट्रेलर के सार को खुद में लिए हुए हैं। इस शुक्रवार को मुंबई में रिलीज किया गया ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक देखने मिलती है, जिसमें नायक को हम खुद की खोज करते हुए देखते हैं। लीड रोल, जिसे आयुष शर्मा ने निभाया है, वह अपनी पहचान की खोज के लिए एक अथक यात्रा पर निकलता है, जिससे उसकी दुनिया बिखरने का खतरा पैदा हो जाता है। डायरेक्टर करण एल. बुटानी की विजनरी कहानी के साथ–साथ शानदार विजुअल और थ्रिल करने वाले एक्शन सीन्स भी हैं, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखते हैं। फिल्म में सुश्री मिश्रा को लीड एक्ट्रेस पेश किया गया है, जहाँ वह एक्शन फॉर्म में नजर आने वाली हैं। रूसलान में एक्शन और सस्पेंस के अलावा, गहरी बातें, मुद्दे हैं जो पहचान और मकसद पर बात करते हैं। यही वह चीजें हैं जो दर्शकों को फिल्म से जोड़ती हैं। बेहद दमदार कहानी और दिल को छू लेने वाले विजुअल्स के साथ रूसलान का ट्रेलर दर्शकों को अपनी कुर्सी के किनारे बैठने पर मजबूर करता है। आयुष शर्मा कहते हैं, ष्मेरा दिल बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि हमने दुनिया के सामने श्रूसलानश का ट्रेलर पेश कर दिया है। यह फिल्म प्यार की मेहनत रही है और अब, एक के बाद एक हर फ्रेम सामने आ रहा है, मैं अपनी यात्रा को दूर–दूर तक के दर्शकों के साथ शेयर करने के लिए अपने उत्साह को रोक नहीं पा रहा हूँ। तैयार हो जाइए, क्योंकि श्रूसलानश आपको एक ऐसे सफर पर ले जाने वाला है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे!" एक्टर्स सुश्री मिश्रा ने हमें बताया, ष्एक एक्टर के तौर पर श्रूसलानश का हिस्सा बनना चौलेंजिंग और ग्रोथ से भरा एक रोमांचक सफर रहा है। हमारे ट्रेलर के रिलीज के साथ, मैं दर्शकों को हमारे द्वारा बनाई गई दुनिया की एक झलक दिखाने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे यकीन है कि लोग श्रूसलानश की इंटेंसिटी और इमोशन में डूब जाएँगे – यह एक ऐसी फिल्म है जो इसे देखने वाले हर व्यक्ति पर एक न मिटने वाली छाप छोड़ेगी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 19 अप्रैल, 2024 को कुल 147.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 22.43 लाख रुपये नकद धनराशि, 46.43 लाख रुपये कीमत की 17355.70 लीटर शराब एवं 78.18 लाख रुपये कीमत की 18416 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

# नाइला उबेद और सुनाक्षी श्रीवास्तव ने रचा इतिहास, बनीं टापर

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अव्वल रही बेटियां, जिले का बढ़ाया मान

बाराबंकी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शनिवार को अपराह्न जारी कर दिया गया। इसमें श्री सांई इंटर कॉलेज जैदपुर की हाईस्कूल की छात्रा नाइला उबेद 97.67 फीसदी अंक और प्रतिभा एसएनआईसी नारायणी देवा की इंटरमीडिएट की छात्रा सुनाक्षी श्रीवास्तव 97.00 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की टॉपर बनीं। इसके अलावा अन्य कॉलेज के मेधावियों ने अपनी मेधा का प्रदर्शन कर 95 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर जिले के साथ प्रदेश की टॉपटेन सूची में अपना स्थान बनाया। परीक्षा परिणाम के बाद कॉलेज से लेकर मेधावियों के घर तक जश्न का माहौल रहा। शनिवार को परीक्षा परिणाम को लेकर कॉलेजों में सुबह से ही तैयारियां थी। परीक्षा परिणाम आने के साथ ही विद्यालयों की रौनक बढ़ती गई। कॉलेज प्रबंधकों में अपने विद्यालय के परीक्षा से ज्यादा चिंता दूसरे विद्यालय के परीक्षा परिणाम के प्रति दिखी। सभी एक दूसरे से जिले में सबसे अधिक प्रतिशत किस कॉलेज का रहा यह जानने का उत्सुक थे। महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में प्रबंधक राम किशोर शुक्ला व प्रधानाचार्य मुदिता पाठक ने मेधावियों का सम्मान किया। वहीं श्री सांई इंटर कॉलेज में प्रबंधक नवनीत तिवारी व सुरेंद्र वर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया। इसी प्रकार अन्य कॉलेजों में मेधावियों को सम्मानित किया गया।

# डॉक्टर बनकर करना है समाज सेवारू नाइला

बाराबंकी। पढ़ाई करने के लिए बहुत ज्यादा पैसा और खास सुविधाओं की नहीं बल्कि मेहनत और लगन की जरूरत होती है। ऐसा नहीं है कि अगर आपके पास पैसा और आधुनिक सुविधाएं नहीं हैं तो आप पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। अगर कोई भी पढ़ाई के प्रति लगन और मेहनत करने की ठाल लें तो सफलता जरूर मिलती हैं। ऐसे ही कई उदाहरण मंगलवार को देखने के लिए मिले, जब दोपहर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया। घरों में कम सुविधाएं होते हुए भी इन बच्चों ने बहुत अच्छे अंक पाए हैं, जिससे हर कोई हैरान है। जिले में पांचवी रैंक हासिल करने वाली श्री सांई इंटर कॉलेज, जैदपुर की हाईस्कूल की छात्रा नाइला उबैद ने कमाल कर दिखाया है। जैदपुर कस्बे की रहने वाले मो उबैद की बेटी ने परीक्षा में 97.67 अंक हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया है। पिता मो उबैद जैदपुर कस्बे में संचालित मदरसा अध्यापक हैं, जबकि माता ग्रहणी हैं। परिजन बताते हैं कि बेटी ने हमारा नाम रोशन किया है। नाइला उबैद ने विषम परिस्थितियों में पढ़ाई कर टॉप स्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। भविष्य में चिकित्सक बनना चाहती हैं, ताकि समाज की सेवा कर सके।

# कड़ी मेहनत के बाद मिली सुनाक्षी को सफलता

बाराबंकी। प्रतिभा शिक्षा निकतन डण्टर कॉलेज, नरैनी देवा की इण्टरमीडिएट छात्रा सुनाक्षी श्रीवास्तव ने प्रदेश में पांचवा व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम जसनवारा, पो. देवा निवासी स्व. अमित कुमार श्रीवास्तव की पुत्री सुनाक्षी श्रीवास्तव के पिता का कोविड काल में निधन हो गया था। जिससे परिवार अत्यंत दुखी था, इस भीषण विपत्ति काल में छात्रा ने कठिन परिश्रम करके इंटरमीडिएट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में पांचवा व जनपद मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुनाक्षी श्रीवास्तव की पूरी देखभाल दादी आशा श्रीवास्तव करती थी। इसी विद्यालय की छात्रा रिया यादव पुत्री हंसराज निवासी ग्राम रेवरी, देवा ने 96.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में आठवाँ स्थान प्राप्त किया। छात्रा रिया के पिता पेशे से वकील हैं। रिया अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता–पिता को दिया। वहीं छात्रा चाँदनी पुत्री श्री लवकुश निवासी ग्राम उमरी, खेवली ने 96.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में 8वाँ स्थान प्राप्त किया। चाँदनी के पिता किसान हैं। छात्रा प्रियंका सिंह पुत्री सुशील कुमार ग्राम कुर्खिला हर्रई ने 96 प्रतिशत अंक

# सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं दिखाई प्रतिभा, मारी बाजी

बाराबंकी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी के नवाचार मिशन पहचान का असर इस साल के परीक्षा परिणामों में साफ देखा गया। उनकी पहल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के सरकारी स्कूलों के छात्र–छात्राओं में इतना जोश भरा कि उन्होंने प्राइवेट स्कूलों की बराबरी की ठानी। इसी का नतीजा रहा कि सालों बाद मेरिट की टॉप टेन सूची में राजकीय इंटर कॉलेज सूरतगंज की बारहवीं की छात्रा ननकी कौर ने बारहवीं की टॉप टेन सूची में नौवां स्थान हासिल करके जनपद का नाम रोशन किया। यानी मिशन पहचान ने यह साबित कर दिया कि अगर सही मार्गदर्शन मिले तो सरकारी स्कूलों के बच्चे और उनके शिक्षक किसी भी मायने में प्राइवेट स्कूलों से कम नहीं हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने कहा कि जिले के मेधावियों ने प्रदेश के टॉपटेन सूची में नाम दर्ज कराने के साथ बेहत्तर प्रदर्शन किया है। जिले में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.64 प्रतिशत तो इंटरमीडिएट का 85.25 प्रतिशत रहा। दशकों बाद सरकारी स्कूल की बच्ची ननकी कौर ने भी इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। जो जिले के लिये गर्व की बात है। सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं है। वहीं असफल हुए छात्र मेहनत कर अगली परीक्षा में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन करें, अगले वर्ष वह सफल अवश्य होंगे।

# मेरिट में छा गए आवासीय शिवराम सिंह इण्टर कालेज के मेधावी

बाराबंकी। यूपी बोर्ड के नतीजों में आवासीय शिवराम सिंह इण्टर कॉलेज ने कामयाबी का परचम लहरा दिया। प्रदेश की मेरिट के अलावा बाराबंकी की टॉप टेन मेरिट में भी आवासीय शिवराम सिंह इण्टर कॉलेज के छात्र–छात्राओं का दबदबा रहा। स्कूल की प्रबंधक पूनम सिंह और प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। नतीजों के बाद ढोल की थाप पर खुशी मनाई। छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने खुशी मनाई। दिनभर स्कूल में जश्न का माहौल रहा। आवासीय शिवराम सिंह इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अंशुमान सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बच्चों और शिक्षकों की मेहनत के बूते यह सफलता मिली है। अनुराग यादव, अनुष्का वर्मा, आयुषी वर्मा समेत अन्य छात्र–छात्राएं बाराबंकी का गौरव बन गई हैं। अनुराग यादव ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूपी में आठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं अनुष्का वर्मा और ने आयुषी वर्मा 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में टॉप 10 में जगह बनाई और विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि पिछले सालों में भी संस्थान के छात्र–छात्राओं ने मेरिट में दमखम दिखाया था। आवासीय शिवराम सिंह इण्टर कॉलेज कई जनपदों के बच्चों के बोर्डिंग के रूप में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। दर्जनों जिलों के छात्र छात्रावास में रहकर अध्ययन करते है। जिसमें 6 से 12 फाउण्डेशन शिक्षा निःशुल्क आई.आई.टी. व मेडिकल के लिए संचालित की जाती है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, रविवार 21 अप्रैल 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनके पास बड़ी योजनाएं हैं, किसी को डरने की जरूरत नहीं है। उनके फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं होते। वे देश के विकास के लिए बने हैं, और 10 साल का उनका काम सिर्फ ट्रेलर है, 2047 के लिए अभी बहुत काम बाकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी को दिए विस्तृत साक्षात्कार में तमाम जिज्ञासाओं और प्रश्नों के खुलकर जवाब दिए। बेशक, चुनावी वेला उनके साक्षात्कार से काफी बातें साफ हुई हैं, और मंतव्यों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने में मदद मिल सकती है। चुनावी बॉन्ड से लेकर मोदी की गारंटी कहे जाने के पीछे के मंतव्य का भी उन्होंने खुलासा किया। राम मन्दिर को लेकर होती रही राजनीति में अपनी पार्टी और विपक्षी पार्टियों के बीच आरोप–प्रत्यारोपों पर भी उन्होंने तमाम बातें स्पष्ट कीं। दरअसल, यह चुनाव ऐसा है जहां किसी प्रकार की लहर जैसी कोई बात नहीं है, और मुकाबला सीट दर सीट होना तय है। चूंकि भाजपा गठबंधन एनडीए दस साल से सत्ता में है, और चुनाव में कोई लहर न रहने से एनडीए सरकार को सत्ताजनित आक्रोश का सामना रहेगा। ऐसे में गफलत फैलाने का मंसूबा सिरे चढ़ाना किसी के लिए भी आसान रहता है। मोदी सरकार ने शुरू से ही फैसले लेने वाली सरकार की छवि बना ली थी। नोटबंदी जैसे फैसले एकाएक लिए गए और भी तमाम फैसलों की लिस्ट गिनाई जा सकती है, जिनसे लगता है कि उन्हें एकाएक लिया गया। जिस प्रकार कांग्रेसविहीन अवधारणा पेश की गई उससे भी लगने लगा कि सरकार किसी भी फैसले में विपक्ष को विश्वास में लेने में विश्वास नहीं करती। न ही किसी मंच पर जनमानस को किसी भी फैसले के प्रभावों के मद्देनजर तैयार करने की ही कोशिश सरकार की ओर दिखलाई पड़ी। कई बार लगा जैसे सरकार पारदर्शिता से काम नहीं कर रही और एकतंत्रीय व्यवस्था जैसे हालात हुए जा रहे हैं। चुनावी बॉन्ड का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी पार्टी को मिलने से भी एक प्रकार के अविश्वास की स्थिति नजर आने लगी।अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे तमाम सवालों के जवाब को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। महसूस कराया कि काफी कुछ ऐसा है जिसका वस्तुस्थिति से कुछ लेना देना नहीं है। बेशक, प्रधानमंत्री का साक्षात्कार गफलत को परे झटकेगा।

## सावधानी बरतनी चाहिए

इस बार का चुनाव बिल्कुल फीका है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिन्दू, मुसलमान, कांग्रेस की नाकामियों को चुनावी मुद्दा बनाए हुए है वहीं चार दशक में बढ़ी सबसे ज्यादा बेरोजगारी, किसान को फसल के उचित दाम न मिलना, बेइंतहा महंगाई और तमाम उन वादों को पूरा न करना, जो मोदी जी ने 2014 व 2019 में किए थे–ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भाजपा का नेतृत्व चुनावी सभाओं में कोई बात ही नहीं कर रहा।

श्सबका साथ सबका विकासश्च नारे के बावजूद समाज में जो खाई पैदा हुई है, वो चिंताजनक है।

रोचक बात यह है कि 2014 के लोक सभा चुनाव को मोदी जी ने गुजरात मॉडल, भ्रष्टाचारमुक्त शासन और विकास के मुद्दे पर लड़ा था। पता नहीं 2019 में और इस बार क्यों वे इनमें से किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। इसलिए किसान, मजदूर, करोड़ों बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों यहां तक कि उद्योगपतियों को भी उनके भाषणों में रुचि खत्म हो गई है। उन्हें लगता है कि मोदी जी ने उन्हें वादे के अनुसार कुछ भी नहीं दिया। इसलिए यह विशाल मतदाता वर्ग भाजपा सरकार के विरोध में है। हालांकि अपना विरोध खुल कर प्रकट नहीं कर रहा। हालांकि यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि प्रति व्यक्ति हर महीने 5 किलो अनाज मुफ्त देने का मोदी जी का फार्मूला कारगर रहा है। जिन्हें अनाज मिल रहा है, वे कहते हैं कि इससे पहले कभी किसी सरकार ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिया। इसलिए वे मोदी जी के समर्थन में हैं। पर इस मुद्दे पर बुद्धिजीवियों और अर्थशास्त्रियों की राय भिन्न है। वे कहते हैं कि अगर मोदी जी ने अपने वादे के अनुसार हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाता। तब हर युवा अपने परिवार के कम से कम पांच सदस्यों का भरण–पोषण कर लेता। इस तरह भारत के 100 करोड़ लोग सम्मान की जिंदगी जी रहे होते जबकि आज 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन के लिए भीख का कटोरा लेकर जी रहे हैं।

दूसरी तरफ, वे लोग हैं जो मोदी जी के अंधभक्त हैं, और हर हाल में मोदी सरकार को फिर से लाना चाहते हैं। मोदी जी के 400 पार के नारे से आत्ममुग्ध हैं। मोदी सरकार की सब नाकामियों को वे कांग्रेस शासन के मत्थे मढ़कर पिंड छुड़ा लेते हैं क्योंकि इन प्रश्नों का कोई उत्तर उनके पास नहीं है। अभी बताना असंभव है कि कांटे की टक्कर में ऊंट किस करवट बैठेगा। क्या विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी या मोदी जी की? सरकार जिसकी भी बने, चुनौतियां दोनों के सामने बड़ी होंगी। मान लें कि भाजपा की सरकार बनती है, तो क्या हिन्दुत्व के ऐजेंडे को इसी आक्रामकता से, बिना सनातन मूल्यों की परवाह किए, बिना सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किए सब पर थोपा जाएगा, जैसा पिछले 10 वर्षो में किया गया। इसका मोदी जी को सीमित मात्रा में राजनैतिक लाभ भले ही मिल जाए, लेकिन हिन्दू धर्म और संस्कृति को स्थायी लाभ नहीं मिलेगा।

भाजपा और संघ, दोनों ही हिन्दू धर्म के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं पर सनातन हिन्दू धर्म के मूल सिद्धांतों से परहेज करते हैं। सैकड़ों वर्षो से हिन्दू धर्म के स्तंभ रहे शंकराचार्य मानते हैं कि जिस तरह का हिन्दुत्व मोदी और योगी राज में पिछले कुछ वर्षो में प्रचारित और प्रसारित किया गया, उससे हिन्दू धर्म का मजाक ही उड़ा है। केवल नारों और जुमलों में ही हिन्दू धर्म का हल्ला मचाया गया। हां, उज्जैन, काशी, अयोध्या, केदारनाथ आदि धर्मस्थलों पर विशाल मन्दिरों के निर्माण से हिन्दू समाज में अपनी पहचान के लिए जागरूकता बढ़ी है। इसके अलावा जमीन पर ठोस कुछ नहीं हुआ, जिससे सनातन परंपरा पल्लवित–पुष्पित होती। इस बात का हम जैसे सनातनधर्मियों को अधिक दुख है क्योंकि हम साम्यवादी विचारों में विश्वास नहीं रखते। हमें लगता है कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है, और सनातन धर्म विशाल ह्रदय वाला है जिसमें नानक, कबीर, रैदास, महावीर, बुद्ध, तुकाराम, नामदेव सबके लिए गुंजाइश है। वो संघ और भाजपा की तरह संकुचित ह्रदय नहीं है, इसलिए हजारों साल से पृथ्वी पर जमा हुआ है जबकि दूसरे धर्म और संस्कृतियां अहंकारी नीतियों के कारण कुछ सदियों के बाद धरती के पर्दे पर से गायब हो गए। संघ और भाजपा के राजनैतिक हिन्दू ऐजेंडा से उन सब लोगों का दिल टूटता है, जो हिन्दू धर्म और संस्कृति के लिए समर्पित हैं, ज्ञानी हैं, साधन–संपन्न हैं पर उदारमना भी हैं क्योंकि ऐसे लोग धर्म और संस्कृति की सेवा डंडे के डर से नहीं, बल्कि श्रद्धा–प्रेम से करते हैं। जिस तरह की मानसिक अराजकता पिछले 5 वर्षो में देखने में आई है, उसने भविष्य के लिए बड़ा संकट खड़ा दिया है। अगर ऐसे ही चला तो भारत में दंगे, खून–खराबे और बढ़ेंगे जिससे भारत का विघटन भी हो सकता है। इसलिए संघ और भाजपा को इस विषय में अपना नजरिया क्रांतिकारी रूप में बदलना होगा तभी आगे चलकर भारत अपने धर्म और संस्कृति की ठीक से रक्षा कर पाएगा, अन्यथा नहीं।

# हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?




हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव खत्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया। हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बगदाद के बाजारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद–अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है। मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू–धर्म–दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते। हिंदू पर्व केवल लोकाचार– रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा। स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं। हमारे महापुरुषों ने जीवन भर जन हित के लिए संघर्ष किया– उनको जीवन में कभी लौकिक सुख नहीं मिला –विलासिता और ऐश्वर्य से कोसों दूर रहे। क्या हम अपने अवतारी महापुरुषों के जीवन से कुछ सीखते हैं ? यदि कृष्ण शक्ति, नीति और पराक्रम के योद्धा पुरुष थे जिनको सुदर्शन चक्र के प्रतापी रूप से जाना गया तो राम मर्यादा भक्षक रावण तथा उसके पुत्रों के वध के बाद उसकी स्वर्णमयी लंका भस्म कर– श्जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीश कहते हुये अयोध्या लौटे–और कृष्ण ने मथुरा वृंदावन से हजारों मील दूर गुजरात में देहोत्सर्ग किया। दोनों ही अवतारी पुरुष शक्ति और पराक्रम के अन्यतम उदाहरण हैं। अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहां अरि हनन कर सज्जनों को अभय देना ही हिन्दू सनातन परंपरा का प्राचीनतम सन्देश रहा है। शक्ति का उपार्जन करना, स्वयं को शत्रु से अधिक बलशाली बनाना, पश्चाताप रहित शत्रु को कभी क्षमा नहीं करना, उसके प्रति कोई दया भाव नहीं दिखाना, सत्य और धर्म रक्षा के लिए प्रत्येक पग उठाने का साहस रखना ही सनातन नियम है।वर्तमान सन्दर्भों में भारत के आराधकों का विजय पथ पर आरोहण एक नए युग के प्रवर्तन का प्रतीक है। एक ओर यदि हिंदू उत्कर्ष की पुनः प्राप्ति हमारे संघर्ष के अटूट सातत्य का स्वर्णिम अध्याय है तो यह भी सत्य है कि सनातन पथ पर सनातन का नाम लेने वालों ने ही अति दुर्गम कंटक भी बोये, हिन्दू निर्वीर्य दुर्बलताओं का अनुभव भी हुआ, शक्ति अर्जन और जन संगठन में कमियां रहीं। श्तुम विजयी हो गए तो क्या हुआ, पहले यह बताओ मुझको क्या मिला?श इस प्रकार के भाव लेकर सनातन ही सनातन की पराजय का कारण बना। यह इस प्रकार था मानों लंका विजय के बाद हनुमान श्री रघुवीर से पूछें कि अब मुझे कौन सा मंत्रालय मिलेगा? अयोध्या वालों ने तो कोई युद्ध नहीं किया, इसलिए अधिकांश पद, वानर और रीछ जातियों के लिए आरक्षित होने चाहिए। इस भाव के विरुद्ध जन संगठन और राष्ट्र धर्म सर्वोपरि मानने का भाव सनातन की विजय सुनिश्चित करता है। जितना भी यह भाव बढ़ेगा हिंदू उत्कर्ष उतना ही निकट आएगा।

# संसदीय क्षेत्र ए राजा में डीएम के का गणित अगर काम कर गया तो के लिए मुश्किल हो जायेग



हम आपको बता दें कि ए. राजा नीलगिरी से 2014 में लोकसभा चुनाव हार गये थे। उस समय उनके खिलाफ 2जी घोटाले का मामला बेहद गरम था। हालांकि राजा ने 2019 में इस सीट पर फिर से जीत हासिल करते हुए अन्नाद्रमुक के उम्मीदवार एम त्यागराजन को 2,00,000 के अधिक मतों के अंतर से हरा दिया था।

द्रमुक नेता ए. राजा सनातन धर्म के खिलाफ लगातार विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोरते रहे हैं। इसलिए जब हमारी चुनाव यात्रा तमिलनाडु के दौरे पर पहुँची तो हमने समय निकाल कर नीलगिरी संसदीय क्षेत्र का दौरा कर यह जानने का प्रयास किया कि वहां पर राजा के सनातन धर्म विरोधी बयानों का कितना असर है। हम आपको बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा आठवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन से है। प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर इस क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। यह निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस बार राजा, मुरुगन और एआईएडीएमके के लोकेश तमिलसेल्वन और नाम तमिलर काची के ए. जयकुमार के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिला। हम आपको बता दें कि ए. राजा यहां से 2014 में लोकसभा चुनाव हार गये थे। उस समय उनके खिलाफ 2जी घोटाले का मामला बेहद गरम था। हालांकि राजा ने 2019 में इस सीट पर फिर से जीत हासिल करते हुए अन्नाद्रमुक के उम्मीदवार एम त्यागराजन को 2,00,000 के अधिक मतों के अंतर से हरा दिया था। इस निर्वाचन क्षेत्र की खास बात यह है कि यहां 25 लाख श्रीलंकाई प्रवासी भी हैं, जिन्हें भारतीय मूल के पहाड़ी तमिल कहा जाता है। चुनावों में जीत के लिए इस वर्ग का समर्थन बहुत जरूरी है।

नीलगिरी में जब हमने लोगों से बातचीत की तो सबसे बड़ी समस्या मानव और पशुओं के बीच होने वाले संघर्ष के रूप में दिखी। यहां हाथियों के आवागमन से कई तरह की समस्याएं होती हैं। सरकार का दावा है कि रेडियो कॉलर तकनीक से हाथियों पर लगातार निगरानी रखी जाती है लेकिन लोगों ने बताया कि हाथी कई बार उत्पात भी मचाते हैं। इसके अलावा हाथी गलियारे के किनारे अतिक्रमण और अवैध रिसॉर्ट्स होने की बात भी सामने आई। नीलगिरी में हमें बुनियादी ढांचा भी खराब स्थिति में नजर आया। मानव और पशु अपशिष्ट के चलते जल प्रदूषण भी यहां की समस्या है। लोगों ने सीवेज की स्थिति भी सही नहीं होने की जानकारी दी।नीलगिरी में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि इसके अंतर्गत आने वाले ऊटी और कुन्नूर में बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। इसके चलते यहां कम बजट वाले होटलों की बाढ़ आ गयी है। होटलों और पर्यटकों की ओर से छोड़े जाने वाले ठोस कचरे के चलते पर्यावरण संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लोग इस बात से खुश नहीं दिखे कि पर्यटक आकर उनके शहर को गंदा कर रहे हैं। उनका कहना था कि ना तो सरकार सफाई की ओर ध्यान दे रही है ना ही पर्यटक साफ–सफाई का ध्यान रखते हैं। यहां व्यापारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि जीएसटी सबसे बड़ा मुद्दा है। कांग्रेस सभी वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी की एक दर लागू करने और द्रमुक जीएसटी को पूरी तरह से समाप्त करने का वादा कर भाजपा पर बढ़त बनाती दिखी। वहीं युवाओं ने नौकरियों की कमी पर चिंता जताई। इस सीट पर हमें द्रमुक को बढ़त दिखी और यह भी महसूस हुआ कि भाजपा यहां अपना वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब होगी क्योंकि उसने चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ा है। भाजपा यहां जितनी मजबूत होगी उतना ही अन्य क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे। नीलगिरी में हमने लोगों से बातचीत में पाया कि सनातन धर्म विरोधी बयानों के चलते ए. राजा से कई लोग नाराज दिखे। साथ ही 2जी विवाद भी राजा का पीछा नहीं छोड़ रहा है। भाजपा उम्मीदवार मुरुगन तो प्रचार के दौरान इस चुनाव को 2जी और मोदीजी के बीच लड़ाई बताते रहे। अन्नाद्रमुक भी राजा पर निशाना साधती रही। पार्टी के महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने दावा किया है कि राजा जल्द ही जेल में हो सकते हैं। हम आपको बता दें कि भाजपा के मास्टर मथन इस सीट पर 1998 और 1999 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि वह जीत एक बार द्रमुक और एक बार अन्नाद्रमुक के साथ भाजपा के गठबंधन होने के चलते मिली थी। इस बार भाजपा ने जिस मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है उससे यही प्रतीत हुआ कि यदि वह नहीं जीत पाई तो भी अन्नाद्रमुक को धकेल कर दूसरा स्थान हासिल कर सकती है।मुरुगन ने हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में लगातार एक मजबूत समर्थन नेटवर्क तैयार किया है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर जोर देते हुए सक्रिय रूप से अभियान चलाया। वह षहिंदू विरोधी बयानबाजीष के लिए राजा के मुखर आलोचक रहे हैं और उन्होंने पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा किया है। भाजपा की नजर यहां के बडागास समुदाय पर थी जोकि यहां की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा भाजपा ने यहां वन क्षेत्र के किनारे रहने वाले 7,000 परिवारों के वोटों को भी आकर्षित किया। आप जान कर हैरान रह जाएंगे कि इन परिवारों के पास बिजली नहीं है। भाजपा ने जीतने पर उन्हें बिजली कनेक्शन देने का वादा किया है। भगवा पार्टी इस निर्वाचन क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में से केवल दो में मजबूत है। लेकिन, 2019 की तुलना में देखें तो वह बेहतर नजर आई। भाजपा की पूर्व सहयोगी अन्नाद्रमुक ने लोकेश तमिलसेल्वन को यहां से मैदान में उतारा है। लेकिन उन्हें यहां ज्यादा लोग जानते ही नहीं हैं। 2019 में अन्नाद्रमुक ने नीलगिरी में 34 प्रतिशत वोट हासिल किया था। यदि यह वोट इस बार भाजपा को गया तो इस क्षेत्र में स्थिति बदल सकती है। दूसरी ओर, नाम तमिलर काची के उम्मीदवार जयकुमार भी सिर्फ वोट काटते नजर आये। हमें ऐसा भी महसूस हुआ कि इस बहुकोणीय लड़ाई के कारण क्डझ का मुख्य मतदाता आधार विभाजित हो सकता है और इससे अंततः भाजपा को फायदा हो सकता है। —नीरज कुमार दुबे

## आज का राशिफल

मेष राशि आज आपका दिन बढिया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आज आपकी प्रतिभा मान–सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है।

वृष राशि रू आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता–पिता के साथ बितेगा। आज खुद से बनाई हुई खीर पैरेन्ट्स को खिलाने पर पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि रू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने–जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच–समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे।

कर्क राशि रू आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजर अंदाज न करें। आज अन्य लोगों की, की गई मदद से आपको लाभ मिलेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती में बितेगा। आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशि रू आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

कन्या राशिरू आज भाग्य का आपको पूरा–पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

तुला राशि रू आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई–बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नए मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है।

धनु राशि रू आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढिया है। आज सेहत संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। आज आप सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे।

मकर राशिरू आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

कुंभ राशि रू आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उदास होगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

मीन राशि रू आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जाएगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। यात्रा का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है।

# लंबे समय बाद दिल्ली में मैच खेलेंगे पंत फैंस को दिया स्पेशल मैसेज–



लंबे समय बाद पहली बार दिल्ली में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत खेलते हुए दिखेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर की है। इसमें पंत फैंस को स्पेशल मैसेज देते हुए नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत लंबे समय बाद अरुण जेटली स्टेडियम पर क्रिकेट मैच खेलते हुए नजर आएंगे। दो साल पहले कार एक्सीडेंट में चोटिल हुए ऋषभ पं बैसाखियों के सहारे चलते नजर आ रहे थे, हालांकि, अब वो पूरी तरह से फिट होकर आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं आज यानी शनिवार को आईपीएल 2024 का 35वां मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। ऋषभ पंत ने इस मुकाबले से पहले दिल्ली के फैंस को स्पेशल मैसेज दिया है। दिल्ली के कप्तान ऋषभ लंबे समय बाद पहली बार दिल्ली में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए दिखेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर की है। इसमें पंत फैंस को स्पेशल मैसेज देते हुए नजर आ रहे हैं। पंत ने वीडियो में कहा कि, दिल्ली, कोटला। घर, लंबे समय बाद कोटला में, ये काफी लंबा समय है। सही है ना? जब मैं दिल्ली की जर्सी पहनकर मैदान पर जाऊंगा तो वहां पर उत्साह, नर्वस, मिक्स फीलिंग होगी। लेकिन इस बात की खुशी भी होगी कि मैं अपने दिल्ली वालों के सामने एक बार फिर बल्ला घुमा सकूंगा। अपनी दिल्ली के सामने दिल्ली टीम का नेतृत्व करने की खुशी। एक बार फिर फैंस का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, मेरी दिल्ली के सामने। मैं अपनी दिल्ली के नीरे रंग में रंगने का इंतजार करूंगा। मिलते हैं, आपका ऋषभ।

# एक बार फिर गौतम गंभीर ने वीवदप से उलट बात कही, माही के फैंस को नहीं लगेगी अच्छी

दरअसल, गौतम गंभीर ने फिर से एमएस धोनी से उलट बात की है। गंभीर ने कहा कि प्रॉसेस मायने नहीं रखता है उनके लिए रिजल्ट मायने रखता है। जबकि धोनी हमेशा प्रॉसेस की बात करते आए हैं। इसके बाद धोनी के फैंस को गंभीर के बयान से मिर्ची लगनी लाजमी है। गौतम गंभीर अक्सर अपने कड़क जवाबों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर वो चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, उन्होंने फिर से एमएस धोनी से उलट बात की है। गंभीर ने कहा कि प्रॉसेस मायने नहीं रखता है उनके लिए रिजल्ट मायने रखता है। जबकि धोनी हमेशा प्रॉसेस की बात करते आए हैं। इसके बाद धोनी के फैंस को गंभीर के बयान से मिर्ची लगनी लाजमी है। गौतम गंभीर ने केकेआर के पॉडकास्ट में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं खुलेआम कहता हूं कि मेरे लिए सिर्फ और सिर्फ रिजल्ट मायने रखता है। मैं प्रॉसेस को सही रखो, रिजल्ट आप सही आएगा, जैसी बातों में रत्ती भर भी यकीन नहीं करता हूं। गंभीर ने कहा कि मेरे लिए रिजल्ट का ही मतलब है। इसकी वजह साफ है कि लोग केकेआर को जीतते देखना चाहते हैं। बता दें कि एमएस धोनी की सोच इसके बिल्कुल विपरीत है। धोनी हमेशा प्रॉसेस पर जोर देते हैं। धोनी ने कई इंटरव्यू में ये बात कही है कि अगर प्रॉसेस सही रखा जाए तो रिजल्ट अपने आप सही आएगा वहीं



गंभीर ने केकेआर के फैन बेस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा महसूस करता हूं और दिल से मानता हूं कि पूरे देश में केकेआर का सबसे लॉयल फैन बेस है। उन्होंने कहा कि आप केकेआर का इतिहास देखिए। पहले तीन साल में ही फ्रेंचाइजी के फैंस में काफी ज्यादा इजाफा हो चुका था। फिर साल दर साल ये बढ़ता ही गया। इसके बाद हमारे चाहने वाले हमसे जुड़े और हमेशा के लिए हमारे होकर रह गए। हमारे फैंस के अंदर केकेआर को लेकर काफी ज्यादा पैशन है। गौती ने आगे कहा कि हम 2012 और 2014 में आईपीएल में जीते थे और पूरा कोलकाता सड़क पर उतर आया था।

# धोनी से पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे–ब्रायन लारा



वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ब्रायन लारा को लगता है कि महेंद्र सिंह धोनी से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे? लारा ने कहा कि टीम प्रबंधन भी धोनी को ऊपरी क्रम में खिलाना पसंद करेगा लेकिन घुटने की समस्या के कारण ध ोनी लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। लखनऊ । जहां एक तरफ खेल प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करने की मांग कर रहे हैं तो वहीं ब्रायन लारा को लगता है कि इस करिश्माई खिलाड़ी से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे? टीम प्रबंधन भी धोनी को ऊपरी क्रम में खिलाना पसंद करेगा लेकिन वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर लारा जानते हैं कि 42 वर्षीय धोनी को घुटने की समस्या है जिससे वह ज्यादा लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते इसलिये वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की बात पर विचार नहीं करेंगे। घुटने की समस्या के अलावा धोनी उम्र के ऐसे पड़ाव में हैं जहां वह युवाओं को अपनी काबिलियत साबित करने का मौका देना चाहेंगे। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''यह शानदार होगा। उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे? क्योंकि वह उपयोगी योगदान कर रहे हैं। लेकिन इसमें कुछ नुकसान के कारण भी हैं। इसलिये मुझे लगता है कि इन पर विचार किया जाना चाहिए। '' चेन्नई सुपर किंग्स के महान खिलाड़ी धोनी ने शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नौ गेंद में 28 रन की पारी खेली जो इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र की कुछ रोमांचक उपयोगी पारियों में से एक रही। हालांकि चेन्नई की टीम आठ विकेट से हार गयी। लारा ने कहा, ''42 साल की उम्र में वह टीम के लिहाज से भी सोच रहा होगा कि युवा खिलाड़ियों को ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि मध्यक्रम की पारी से सीएसके की बल्लेबाजी के बारे में पता चलता है। धोनी ने हालांकि अंत में तेज तर्रार पारी खेली लेकिन अंत में उनकी पारी भी नाकाफी रही। '' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि उन्हें ड्रेसिंग रूम में जाकर महसूस करना होगा कि उन्हें पूरी पारी के दौरान थोड़ा ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत है। क्योंकि अंत में आपके पास एक आक्रामक खेलने वाला खिलाड़ी है। '' लारा ने कहा, ''अगर उसे दो–तीन ओवर मिलते हैं तो वह अपना काम कर देता है जैसा कि उसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ किया और उन्हें 200 रन से ऊपर पहुंचा दिया। उन्हें हर वक्त इसके बारे में सोचने की जरूरत है।

# गौतम गंभीर ने याद किया आईपीएल 2024 का समय, शाहरुख खान को लेकर किया खुलासा

कोलकाता नाइट राइडर्स का अभी तक का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टीम अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। वहीं केकेआर साल 2014 में गौतम गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है। वहीं मौजूदा समय में केकेआर टीम के मेंटॉर गौतम गंभीर ने 2014 के खराब दौर को याद किया। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का अभी तक का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टीम अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। वहीं केकेआर साल 2014 में गौतम गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है। वहीं मौजूदा समय में केकेआर टीम के मेंटॉर गौतम गंभीर ने 2014 के खराब दौर को याद किया। उस समय गंभीर खराब फॉर्म में चल रहे थे और उस समय उन्होंने खुद को टीम से ड्रॉप करने के बारे में भी सोचा था। लेकिन फ्रेंचाइजी के मालिक शाहरुख खान ने उन्हें ऐसा करने से रोका।



हाल ही में गौतम गंभीर ने किंग खान यानी शाहरुख खान की जमकर सराहना की है। उन्होंने केकेआर के लिए एक पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए खुलासा किया है कि शाहरुख ने उनके बुरे वक्त में काफी सपोर्ट किया। गंभीर ने कहा कि, मैंने ये कई बार कहा है कि वह (शाहरुख खान) सबसे अच्छे मालिक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है। मेरी कप्तान के सात सालों में, हमने क्रिकेट पर सात मिनट की भी बातचीत नहीं की। गौतम ने कहा कि, बुरे दौर के दौरान, मैं खुद को ड्रॉप करने वाला था। इसलिए मैंने जाकर उनसे बात की और उन्होंने मुझसे केवल यही कहा कि जब तक आप यहां हैं आप खुद को ड्रॉप नहीं करेंगे।

# लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी तेंदुलकर



सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि रांची में युवा फाउंडेशन की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि रांची में युवा फाउंडेशन की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा ,'' बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया।''उन्होंने कहा ,'' मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं।

# धोनी के बारे में बोले उथप्पा, फिटनेस शायद साथ ना दे लेकिन उनका दिमाग एकदम चुस्त है

उथप्पा ने जियो सिनेमा से कहा ,'' सिर्फ एक ही चीज उन्हें रोक सकती है , स्वास्थ्य। फिटनेस की वजह से ही शायद वे आगे नहीं खेलें। खेल के लिये उनका जुनून काफी गहरा है और वह खेलते रहना चाहते हैं। अगर कुछ उन्हें रोक सकता है तो वह उनका अपना शरीर है।''लखनऊ। महेंद्र सिंह धोनी के लंबे कैरियर से मंत्रमुग्ध ा भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के इस महान क्रिकेटर का दिमाग अभी भी उतना ही चुस्त है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनके लंबे सफर पर विराम सिर्फ फिटनेस की वजह से लग सकता है। धोनी ने इस आईपीएल सत्र में जबर्दस्त बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के लिये कई मैचों में ताबड़तोड़ रन बनाये हैं। उथप्पा ने जियो सिनेमा से कहा ,'' सिर्फ एक ही चीज उन्हें रोक सकती है , स्वास्थ्य। फिटनेस की वजह से ही शायद वे आगे नहीं खेलें। खेल के लिये उनका जुनून काफी गहरा है और वह खेलते रहना चाहते हैं। अगर कुछ उन्हें रोक सकता है तो वह उनका अपना शरीर है।'' धोनी की आक्रामक पारियों के बारे में भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा ,'' दर्शकों का शोर और तेज होता जा रहा है। एम एस धोनी की मैदान पर मौजूदगी का यह जलवा है।'' उन्होंने कहा ,'' हर पारी में वह और बेहतर खेल रहे हैं। उनका प्रभाव ऐसा है कि वह मैदान पर उतरते ही गेंदबाजों पर दबाव बनाते हैं।



# पुराने सोफे को देना है नया लुक तो अजमाएं ये तरीके



क्या आपका पुराना सोफा बोरिंग और बेजान लगने लगा है तो आप कुछ आसान और सस्ते तरीके अपनाकर सोफा को फिर से नया और आकर्षक लुक दे सकते हैं. आइए जानते हैं कैसे?घर का सोफा न सिर्फ आराम का स्थान होता है बल्कि यह लिविंग रूम की शोभा भी बढ़ाता है. पर, समय के साथ सोफे पुराने और बेजान लगने लगते हैं. यहां कुछ आसान तरीके हैं जिनसे आप अपने पुराने सोफे को नया लुक दे सकते हैं.सोफे को नया कवर देंबाजार में विभिन्न डिजाइन और रंगों में सोफा कवर उपलब्ध हैं. एक नया और आकर्षक कवर चुनकर आप अपने सोफे को तुरंत नया लुक दे सकते हैं. कुशन और तकिए बदलेंरू नए, रंग–बिरंगे कुशन और तकिए आपके सोफे को नया लुक दे सकता है. ये न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि देखने में भी बहुत सुंदर लगते हैं.सफाई और मरम्मत कभी–कभी सोफे को बस एक अच्छी सफाई की जरूरत होती है. विशेष सफाई उत्पादों और तकनीकों से सोफे की सफाई करें. यदि सोफे में खराबी है तो उसकी मरम्मत कराएं.पेंट या डाईकुछ सोफे के कपड़े को डाई करना संभव होता है.

अगर आपका सोफा इसके लिए उपयुक्त है तो आप अलग लुक दे सकते हैं.नई एक्सेसरीज जोड़ें सोफे पर नई एक्सेसरीज जैसे कि फूलों का गुच्छा, एक सुंदर टेबल लैम्प या डेकोरेटिव आइटम रखकर आप सोफे के आसपास का माहौल बदल सकते हैं.

# गर्मियों में आरामदायक और ट्रेंडी दिखने के लिए वार्डरोब में शामिल करें ये फुटवियर्स

फुटवियर किसी भी लुक को पूरा करने के लिए सबसे जरूरी है और इसे ही सबसे ज्यादा इग्नोर किया जाता है. गर्मियों के मौसम में अगर आपको स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखना है, तो इन ट्रेंडी फुटवियर्स को ट्राई करें.

इस बार गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इस तरह के फुटवियर्स

फुटवियर किसी भी पहनावे का एक बेहद जरूरी हिस्सा है, जो लुक को बना भी सकते हैं और बिगाड़ भी सकते हैं. यहां कुछ ट्रेंडिंग समर फुटवियर दिए गए हैं, जो आपके वॉर्डरोब में जरूर होने चाहिए.

चमड़े के चप्पल– लेदर सैंडल गर्मी के मौसम में पहनने के लिए आरामदायक और हवादार होते हैं और शॉर्ट्स, स्कर्ट और जींस के साथ अच्छे लगते हैं. लेदर सैंडल्स हर चीज के साथ मेल खाते हैं, साथ ही आपके एथनिक वॉर्डरोब को भी कवर करते हैं.



क्लॉग्स – क्लॉग्स मुख्य रूप से पैरों को सुरक्षा प्रदान करते हैं, जो खेती करने वाले और कारखानों में काम करने वाले मुख्य रूप से पहने हैं. पहले, ये किसानों और मजदूर वर्ग के सस्ते और लोककथाओं के जूते से जुड़े थे, जो स्वीडिश और जापानी धरती से भारत आए थे. हालांकि, आज से एक फैशन स्टेटमेंट बन चुके हैं. गर्मियों के लिए ये जूते सांस लेने योग्य हैं और पैरों को ठंडा रखने के साथ ही अधिक गर्मी से भी बचाते हैं.कोल्हापुरी– कोल्हापुरी चप्पल में उपयोग किए जाने वाले चमड़े में कोई एलर्जी विशेषता नहीं होती है और यह नरम, रेशमी और हल्के आधार के साथ आते हैं. ये शरीर की गर्मी और पसीने को भी अवशोषित करते हैं और डॉक्टरों द्वारा इन्हें पहनने की सलाह दी जाती है.

एस्पैड्रिल्स– एस्पैड्रिल्स कपास, लिनन और कैनवास जैसी हल्की सामग्री से बने होते हैं. वे मुख्य रूप से गर्मी के दिनों में पहनने के लिए डिजाइन किए गए होते हैं, जो सांस लेने योग्य और आरामदायक होते हैं.

# पुष्पा 2 के डिजिटल अधिकार 250 करोड़ रुपये में बिके, फिल्म ने तोड़ा आरआरआर का रिकार्ड

2021 में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली अल्लू अर्जुन की पुष्पा को भूलना मुश्किल है। इसकी सफलता के बाद से ही दर्शक इसके दूसरे भाग पुष्पा दर रूल के लिए बेकरार थे। पुष्पा 2 अब रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। फिल्म का जादू इस कदर है कि टिकट खिड़की पर पहुंचने से पहले ही इसने धमाकेदार कमाई करनी शुरू कर दी है। दरअसल, फिल्म के डिजिटल अधिकार रिकॉर्डतोड़ रकम में नेटफ्लिक्स को बेचे गए हैं।पुष्पा 2 से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया है कि फिल्म के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स को 250 करोड़ रुपये की कीमत पर बेचे गए हैं, जिसे 300 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। सूत्र ने कहा, यह सभी भाषाओं के लिए रिकॉर्ड डील है, जो पिछली सर्वश्रेष्ठ डील को लगभग 100 करोड़ रुपये के अंतर से पीछे छोड़ती है। पुष्पा 2 बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। सभी इसे अपने प्लेटफॉर्म पर लाने के इच्छुक थे।सूत्र ने कहा कि यह डील पुष्पा 2 के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के आधार पर परिवर्तित की जा सकती है।वह बोले, डील करने का नया तरीका यह है कि बेस प्राइस निर्धारित किया जाए और फिर इसे कलेक्शन से जोड़कर बढ़ाया जाए। अर्जुन की फिल्म का बेस प्राइस 250 करोड़ रुपये है, जिसकी कीमत 300 करोड़ रुपये तक बढ़ाई जा सकती है।इसी के साथ यह वह फिल्म बन गई है, जिसके डिजिटल अधिकार सबसे महंगे बिके हैं।पुष्पा द रूल से पहले डिजिटल अधिकारों की सबसे तगड़ी बिक्री का रिकॉर्ड एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर का था। इसके अधिकार 170 करोड़ रुपये में डिज्नी हॉटस्टार ने खरीदे थे। फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिकाओं में थे। हिंदी सिनेमा के बड़े वितरकों में से एक अनिल थडानी ने पुष्पा 2 द रूल के निर्माताओं के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत एए फिल्म्स फिल्म को पूरे उत्तर भारतीय क्षेत्र में रिलीज करेगी।यह सौदा 200 करोड़ रुपये में हुआ है और पूरी रकम रिफंडेबल है। हिंदी पट्टी के लिए किसी भी दक्षिण भारतीय फिल्म को दी गई यह अब तक की सबसे बड़ी अग्रिम राशि है। पुष्पा 2 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।फिल्म में अल्लू के साथ एक बार फिर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना



के साथ बनी है। श्रीवल्ली के रूप में उनकी पहली झलक सामने आ चुकी है।पुष्पा 2 में फहद फासिल भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था।

# दो और दो प्यार की एक टिकट पर दूसरी मुफ्त, इस्तेमाल करना होगा डीएडीपी कोड

रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म दो और दो प्यार आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं।

दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को दो और दो प्यार की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, यह सौदा इतना रोमांचक है कि यह दोगुना मनोरंजन का वादा करता है। जल्दी करें और इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए अपना टिकट बुक करें। फिल्म की अभिनेत्री विद्या बालन ने भी



यह जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है। दरअसल, दो और दो प्यार की एक टिकट पर दूसरी मुफ्त पाने के लिए बुकमाईशो पर डीएडीपी कोड का इस्तेमाल करना होगा। खास बात यह है कि रिलीज के पहले दिन ही एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त देने का ऑफर जारी करने वाली इस साल की यह पहली फिल्म है। वहीं फिल्म की बात करें तो शीर्षा गुहा ठाकुरता के जरिए निर्देशित दो और दो प्यार शादीशुदा जोड़ों पर केंद्रित एक रोमांटिक कॉमेडी है। यह फिल्म विद्या बालन और प्रतीक गांधी द्वारा निभाए गए एक विवाहित जोड़े के बारे में है। वहीं, सेंथिल और इलियाना द्वारा निभाए गए पात्रों के साथ उनका विवाहेतर संबंध है। फिल्म में विद्या बालन और प्रतीक गांधी के अलावा इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। यह फिल्म समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला द्वारा निर्मित है।

## लव सेक्स और धोखा 2 की एक टिकट पर दूसरी मिल रही बिल्कुल मुफ्त

दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एकता कपूर ने इस फिल्म को अपनी मां शोभा कपूर के साथ मिलकर बनाया है।दर्शकों के साथ समीक्षक भी इस फिल्म की कहानी को काफी पसंद कर रहे हैं।अब इस बीच एकता ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, लव सेक्स और धोखा 2 की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। लव सेक्स और धोखा 2 की एक



टिकट पर दूसरी मुफ्त पाने के लिए बुकमाईशो परएलडीए 2 का उपयोग करना होगा।एकता ने इस खबर की जानकारी साझा करते हुए लिखा, यह सच है। 1 खरीदें और लव सेक्स और धोखा 2 का 1 टिकट मुफ्त पाएं। बुकमाईशो पर कोड एलडीएस2 का उपयोग करें।सिनेमाघरों के बाद लव सेक्स धोखा 2 ओटीटी प्लेफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर जून के मध्य तक किया जाएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है । लव सेक्स और धोखा 2 के निर्देशक दिबाकर बनर्जी हैं, वहीं एकता ने इस फिल्म को अपनी मां शोभा कपूर के साथ मिलकर बनाया है।ट्रांसजेंडर बोनिता राज पुरोहित इस फिल्म में दमदार भूमिका में हैं। फिल्म में मौनी रॉय और उर्फी जावेद भी है। बॉक्स ऑफिस पर लव सेक्स और धोखा 2 का सामना विद्या बालन, सेंथिल राममूर्ति, इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी जैसे सितारों से सजी फिल्म दो और दो प्यार से हो रहा है।

## अजय देवगन की मैदान की कमाई में गिरावट जारी, लाखों में सिमटी फिल्म क्रू की कमाई

इन दिनों सिनेमाघर कई फिल्मों से गुलजार हैं। अप्रैल के महीने में ईद के मौके पर दर्शकों को दो बड़ी फिल्मों का तोहफा मिला।अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां को 11 अप्रैल को अजय देवगन की मैदान के साथ रिलीज किया गया था, लेकिन मैदान बॉक्स ऑफिस पर बड़े मियां छोटे मियां से काफी पीछे चल रही है।अब मैदान की 8वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, मैदान ने रिलीज केआठवें दिन 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 28.25 करोड़ रुपये हो गया है।पेड प्रीव्यू के जरिए इस फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपये कमाए थे।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।

वहीं दूसरी ओर करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन अभिनीत फिल्म क्रू ने 29 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। यही वजह है कि फिल्म अभी तक सिनेमाघरों में टिकी हुई है। अब क्रू ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानते हैं क्रू ने 21वें दिन कितने रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार क्रू ने 44 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 71.83 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में भी क्रू खूब धमाल मचा रही है और फिल्म का कारोबार 150 करोड़ रुपये की ओर है। राजेश ए कृष्णन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

# यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज



यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 इस साल 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और महज 20 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 110.57 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद अब आर्टिकल 370 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।आर्टिकल 370 में प्रियामणि, स्कंद ठाकुर, अश्विनी कौल, वैभव तत्ववादी, अरुण गोविल और किरण करमरकर जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है, वहीं फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।फिल्म की कहानी आदित्य ने मोनाल ठाकर के साथ लिखी है।इस फिल्म में जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के दौरान आई चुनौतियों को दिखाया गया है। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है।इस फिल्म की देश के बड़े–बड़े राजनेताओं ने भी जमकर तारीफ की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैंने सुना है कि इस सप्ताह अनुच्छेद 370 पर एक फिल्म रिलीज होने जा रही है। यह अच्छी बात है क्योंकि इससे लोगों को सही जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने परिवार के साथ फिल्म देखने के बाद इसकी तारीफ की थी।

## बड़े मियां छोटे मियां ने पार किया 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 8 दिन बीत चुके हैं और पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।इसके बावजूद बड़े मियां छोटे मियां ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।

अब बड़े मियां छोटे मियां की आठवें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली गिरावट देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार



को इस फिल्म ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 50.15 करोड़ रुपये हो गया है।बड़े मियां छोटे मियां का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। सुल्तान और भारत के बाद यह फिल्म उनकी तीसरी ईद रिलीज है। बड़े मियां छोटे मियां कैप्टन फिरोज (अक्षय) और कैप्टन राकेश (टाइगर) की कहानी कहती है, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बलों के सबसे बहादुर सैनिकों में गिना जाता है।यह दोनों इस कदर बिगड़ैल हैं कि उनकी एक गलती के कारण उन्हें सेना से निष्कासित कर दिया जाता है।हालांकि, 8 साल बाद भी जब देश पर ऐसा खतरा मंडराता है, जिसका ना कोई नाम है ना पहचान तो मेजर आजाद (रोनित बोस रॉय) को दोनों की ही याद आती है।

## रोहित शेट्टी के शो में नीति टेलर की होगी एंट्री! खतरों के खिलाड़ी 14 में मचेगा तहलका

रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए अब तक मन्नारा चोपड़ा, अभिषेक मल्हान, अभिषेक कुमार, मनीषा रानी, समर्थ जुरेल, निमृत कौर अहलूवालिया, हेली शाह से संपर्क किया गया है. अब एक और दिलचस्प अपडेट में ये कहा गया है कि बड़े अच्छे लगते हैं 2 में प्राची का किरदार निभाने वाली नीति टेलर को मेकर्स ने अप्रोच किया है.

रिपोर्ट्स के अनुसार, नीति टेलर जो पार्थ समथान की कैसी ये



यारियां में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, से रोहित शेट्टी के शो के निर्माताओं ने संपर्क किया है. हालांकि नीति ने अभी शो के लिए हां नहीं किया है. ऐसा कहा जा रहा है कि एक्टेस को प्रस्ताव पसंद आया है, ।

# कैटरीना कैफ की हमशक्ल एक्ट्रेस एमी एला का बिंदास फोटोशूट, दिए ऐसे-ऐसे कातिलाना पोज

इंडियन–ऑस्ट्रेलियाई एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला आए दिन अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। अपने डांस और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के लिए मशहूर इस मॉडल को कैटरीना कैफ की हमशक्ल भी कहा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखक हर कोई उनका दीवाना हो गया है।एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल होने लगती हैं।बता दें कि एक्ट्रेस इंटरनेट मीडिया स्टार हैं और आए दिन अपनी बोल्डनेस ने फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनका हर एक अंदाज फैंस के बीच छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस एमी एला ने अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकर रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का ब्रालेट टॉप और उसके बाहर से श्रग कैरी किया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। नो मेकअप लुक, अपने बालों को ओपन कर के और साथ ही चेहरे पर क्यूट सी स्माइल देकर एक्ट्रेस एमी एला ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एमी एला अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए सोशल मीडिया का तापमान भी बढ़ा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस एमी एला कैटरीना कैफ की तरह हर अंदाज में कहर बरपाती हैं।





# बीएसए ने ब्लाक गौरी बाजार एवं बैतालपुर में संचालित विभिन्न गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों का निरीक्षण कर बंद कराया

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने जनपद के विकासखंड गौरी बाजार एवं बैतालपुर में संचालित विभिन्न गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रातः 8.30 बजे अनमोल पब्लिक स्कूल मठवाल गिरी (केशव बारी) शिव टोला, नहर तट पर विकास खण्ड गौरी बाजार को बंद कराया गया है, जिसमें प्रबंधक ध् प्रधानाचार्य की उपस्थिति में विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया। 9रू00 बजे गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय जे डी अभ्यास एकेडमी, मठवाल गिरी चरियांव खास विकास खण्ड गौरी बाजार विद्यालय को बंद कराया गया। प्रबंधक नित्यानंद यादव की उपस्थिति में विद्यालय में तालाबंदी कराई गई। 9रू 30 बजे ए०डी० पब्लिक स्कूल, गुलरिया बाजार,




विकासखंड बैतालपुर में ताला बंद करने की कार्यवाही की गई। यहां पर पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस चशपा कराया गया था, परंतु आज 20 अप्रैल 2024 को विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया है। पूर्वाह्न 10 बजे गैर मान्यता प्राप्त आर०के०एल०एम० विद्यालय गुलरिया बाजार विकास खंड बैतालपुर का निरीक्षण किया गया। विद्यालय को पूर्व में खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस देकर बंद करा दिया था। मौके पर विद्यालय बन्द पाया गया। 10रू 30 पर आर० एस० एकेडमी रामपुर विकासखंड बैतालपुर में गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय को बंद कराया गया। पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैलालपुर के द्वारा नोटिस चशपा कराया गया था, परंतु आज विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया तथा विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय में ताला बंद करा दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे विकासखंड में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विद्यालय बन्द किये जाने हेतु तत्काल नोटिस निर्गत करते हुए बंद कराये। गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद न करने की दशा में निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 एवं 2011 तथा शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने किया जनसंपर्क

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी से देवरिया लोकसभा के प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने लोकसभा के अंतर्गत आने वाले फाजिलनगर विधानसभा में नारायणपुर, बनकटा बाजार, गांधी चौक, चौरा, बेलवा कारखाना, बड़हरा, फाजिल नगर, पटहेरिया, करमौनी, चंद्रौटा, तुर्कपट्टी, नोनियापट्टी में सघन जनसंपर्क किया । लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद फाजिलनगर में प्रथम बार आगमन पर कुशीनगर के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शशांक मणि का तथा एम एल सी डा रतनपाल सिंह का नारायणपुर में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया । जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी शशांक मणि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप लोगों की सेवा करने के लिए यहां आया हूं आप लोगों के समर्थन और आशीर्वाद से पार्टी ने मुझपर भरोसा जताया है, मैं वादा करता हूं कि आपलोगों का सेवक बनकर देवरिया और कुशीनगर के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा । जनसंपर्क के दौरान फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख राकेश जायसवाल, लोकसभा सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी, सतेंद्र मिश्रा, राधेश्याम पांडे, अजय राय, रामबृक्ष गिरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर रहेंगे विशेष इंतजाम–डीएम'

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज पथरदेवा तथा बरहज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सभी मतदान केंद्र निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं से युक्त होने चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आज पूर्वाह्न पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र आदर्श पूर्व माध यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय जमुनी, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनहुला रामनगर, नवतप्पी इंटरमीडिएट कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा रामनाथ, प्राथमिक विद्यालय महुअवा बसंतपुर, प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया, प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर का निरीक्षण किया। इसी तरह शाम को जिलाधिकारी ने बरहज विध ाानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहौर धनौती, प्राथमिक विद्यालय बारमुकुंद, प्राथमिक विद्यालय बैकुंठपुर, प्राथमिक



विद्यालय सोनबरसा, प्राथमिक विद्यालय पोखारभिंडा, प्राथमिक विद्यालय टेकनपुरा, प्राथमिक विद्यालय मरहवाँ, प्राथमिक विद्यालय पिपरा खेमकरन, प्राथमिक विद्यालय जमुना छापर, प्राथमिक विद्यालय रारबड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरपुर मिश्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा की उपलब्ध ाता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। जून की गर्मी की दृष्टिगत मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मतदाताओं के लिए आम का पन्ना, नींबू–पानी, शरबत इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर लू– हेल्प डेस्क की स्थापना भी की जाएगी, जहां पर स्वास्थ्यकर्मी आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। मतदान केंद्रों पर बैठने की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे लाइन लंबी होनी की दशा में अधिक देर तक खड़ा न रहना पड़े। डीएम स्कूली बच्चों से भी संवाद किया और कहा कि सभी बच्चे अपने–अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करे। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, शौचालय, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि तक समस्त मतदान केंद्र एक नए कलेवर में तैयार रहने चाहिए जिससे मतदाताओं के साथ–साथ मतदान कार्मिक भी अच्छा अनुभव लेकर के जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से भी संवाद किया और उनके माध्यम से प्रवासी मतदाताओं को 1 जून को होने वाले मतदान में प्रतिभा करने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि मतदान का महापर्व पर्व पांच साल में एक बार ही आता है। निरीक्षण के दौरान बरहज एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, एएसडीएम अवधेश कुमार निगम, सीओ सदर संजय रेड्डी, सीओ बरहज आदित्य कुमार गौतम सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# यूपी बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित, 10 वीं में 89.55 फीसदी और 12 वीं 82.60 फीसदी परीक्षार्थी सफल

## सीतापुर की प्राची निगम दसवीं की, यहीं के शुभम वर्मा इंटर के रहे टश्वपर सबसे कम दिनों में परीक्षा सम्पन्न कराने , कापियों के मूल्यांकन और रिजल्ट जारी करने का बना रिकार्ड

प्रयागराज(आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने 10वीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं । प्रयागराज स्थित बोर्ड के मुख्यालय में इसका ऐलान किया गया। छात्राओं का रिजल्ट इस वर्ष भी छात्रों से बेहतर रहा है। ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के भी संकेत मिले हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर अपनाई गई नई कार्यनीति के चलते बोर्ड ने परीक्षा संपन्न कराने, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने और रिजल्ट जारी करने को लेकर नए रिकॉर्ड बनाए हैं। यूपी बोर्ड के दसवी और 12 वीं के नतीजे शनिवार को घोषित कर दिए गए। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा० महेन्द्र देव ने बताया कि यूपी बोर्ड में हाईस्कूल में इस वर्ष 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटरमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं । हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ अव्वल स्थान हासिल किया है।

# बाल सुरक्षा व साइबर अवेयरनेस पर कार्यशाला का आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में एसजेपीयू साइबर सेल एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान एवं प्रबन्धक ब्लू बेल स्कूल करैली के सहयोग से बाल सुरक्षा, साइबर अवेयरनेस पर ब्लू बेल स्कूल नया पुरा करैली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं किशोर न्याय आदर्श नियम 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार बालकों के संरक्षण, सुरक्षा व अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त कार्यशाला का संचालन करते हुए मु०आ० अजय कुमार मौर्य कार्यालय एसजेपीयू द्वारा बच्चों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल करने हेतु बताया गया साथ ही साथ बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों से बचाव के लिये उन्हें गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रभारी एसजेपीयू तीर्थ राज यादव द्वारा उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बताया गया कि वह स्कूल व बाजार आदि में कहीं जाते है यदि उनका कोई पीछा करता है या परेशान करता है तो भीड़–भाड़ वाले स्थानों या नजदीकी एटीएम सेन्टर की तरफ जाने (जहां सीसीटीवी कैमरा लगे होते है व गार्ड भी उपलब्ध होते है) व किसी बड़ों की मदद से घर वालों व पुलिस को सूचना देने सम्बन्धी बातें बताई गयी। कार्यशाला में उपस्थित साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मु०आ० जय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है, अतः बच्चों को किसी भी दशा में अपने माता–पिता, परिजनों के डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड एवं व्यक्तिगत डाटा को किसी अन्जान व्यक्ति के साथ नहीं साझा करना है। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना करैली उ०नि० हरिशंकर मिश्र द्वारा बच्चों को बताया गया कि पुलिस उनकी दोस्त है, पुलिस से डरने की जरूरत नहीं, किसी भी समस्या में वह अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकते है। पुलिस उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक फरहान आलम एडवोकेट द्वारा बच्चों को बाल सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी प्राविधानों को विस्तृत रूप से बताया गया।

उक्त कार्यशाला में ब्लू बेल स्कूल करैली के प्रबन्धक सन्दीप कुशवाहा, प्रधानाचार्या श्रीमती इन्दू खुराना, उप प्रधानाचार्या श्रीमती अर्पिता मालवीय एवंह स्कूल के समस्त अध्यापकगण, उ०नि० अलख नारायण सिंह, ए०एच०टी०यू०, म०उ०नि० प्रियंका गौतम (महिला सुरक्षा विशेष दल) मय टीम थाना करैली उपस्थित रहे।

# टापर छात्र यमुना प्रसाद व शिवम चौरसिया व खुशी का इजहार करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

चित्रकूट (आरएनएस)। यूपी बोर्ड इंटर व हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम आते ही छात्र–छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ज्ञान भारती इंटर कालेज के इंटर के छात्र शिवम चौरसिया व सीआईसी के हाईस्कूल के छात्र यमुना प्रसाद ने जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में टाप टेन की सूची में जगह बनाई है। कालेज व घर में होनहार छात्रों का मुंह मीठा कराया गया।शनिवार को अपरान्ह करीब दो बजे यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ। छात्र–छात्राओं की निगाहे बेबसाइट पर टिकी रही। जैसे ही परिणाम आया तो छात्रों ने मोबाइल या अन्य माध्यमों से रोल नंबर बेबसाइट पर डालकर परिणाम देखा। कालेज के शिक्षकों ने यूपी बोर्ड रिजल्ट आने के पूर्व विद्यालय पहुंचकर मेधावियों के परिणाम जानने को उत्सुक रहे। रिजल्ट अच्छा आने पर आनन फानन अभिभावकों को सूचना दिया। कालेज में मेधावी छात्र–छात्राओं का फूलमालाओं से स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। टाप टेन छात्रो ने आगे की पढ़ाई के बाद आईएएस, आईपीएस, डाक्टर, इंजीनियर व अधिवक्ता आदि बनने की इच्छा जताई।

# तेज रफ्तार सीनजी आटो पलटी, चार घायल

चित्रकूट (आरएनएस)। सीएनजी आटो पलटने से चार लोग घायल हो गए। आनन फानन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार दिया जा रहा है।आटो पलटने की ये दुर्घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कोठिलिहाई गांव के समीप शनिवार को हुई। बताया गया कि सीएनजी आटो में सवार होकर वीरा हिनौता की बेसनिया (52) पत्नी मोहन, कौशाम्बी जिले के रानीपुर महेवा के मंगली (65) पुत्र प्रसाद प्रजापति, बांदा जिले के झंझार जबरापुर के रंजीत (26) पुत्र जीतपाल, रैपुरा थाना क्षेत्र के गिरधार पुरवा के शिव प्रसाद (32) पुत्र नत्थू कर्वी आ रहे थे। अचानक तेज गति होने के चलते आटो पलट गया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। आनन फानन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा बीती शाम भरतकूप के भोला बाजार के कल्लू पुत्र सधुवा, सरधुवा के अमरवारा के मिथलेश पुत्र मलखान सिंह, मलखान पुत्र सिद्धराम व पहाड़ी के कलवारा के सूरजपाल पुत्र रामबहोरी समेत एक अज्ञात घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार दिया जा रहा है।

# प्रथम चरण के मतदान से ही इण्डिया गठबंधन की भारी जीत का दावा

## एनडीए के खिलाफ देश की जनता

प्रयागराज(आरएनएस) 51 फूलपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य के समर्थन आयोजित गठबंधन के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में आज सपा, कांग्रेस गठबंधन के नेताओं ने कहा कि एनडीए को सत्ता से बाहर करने के लिए देश की जनता उठ खड़ी है। प्रथम चरण के मतदान से ही इसके रुझान आने लगे हैं। भाजपा नेताओं के झूठे वादे, जुमले से जनता ऊब चुकी है और अब परिवर्तन चाहती है।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, सत्यवीर मुन्ना, मनोज पासी आदि नेताओं ने कहा कि देश का बेरोजगार, किसान, अल्पसंख्यक, महिलाओं सहित हर आम आदमी आज अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।विपक्षी नेताओं द्वारा जनता की आवाज उठने पर उन्हें इडी, सीबी आई लगाकर परेशन किया जा रहा है। लोकतान्त्रिक संस्थाओं की मर्यादा को तार तार किया जा रहा है. संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। देश की जनता एनडीए सरकार की साजिश को समझ चुकी है और इसे सत्ता से बेदखल करने के लिए एक एक वोट इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों को देकर जिताने का काम करेगी।

लोकसभा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं एक कार्यकर्त्ता की हैसियत से चुनाव लड़ रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मुझे लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर कार्यकर्त्ता को सम्मान दिया है।संचालन उपाध्यक्ष मेराज आरिफ एवं विध ाानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह यादव उर्फ बच्चा नेता ने किया। इस अवसर पर अन्य लोंगो में रविन्द्र यादव, डॉ सुमन शर्मा, राम सुमेर पाल, राम अवध पाल, राजू पासी, प्रतिमा रावत, संदीप यादव, खिन्नी लाल पासी, शांति प्रकाश पटेल, डॉ राजेश यादव,मुलायम यादव, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, मो सैफ, कुलदीप यादव,राकेश पासी, अमरबाहादुर, सुशील यादव, सुरेश यादव, राकेश पटेल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# नुक्कड़ सभाओं से भाजपा के पक्ष में बनाएंगे माहौल

प्रयागराज(आरएनएस)। लोकसभा 52 प्रयागराज के रामपुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में आज लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा और सोशल मीडिया के विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा के प्रभारी मनोज जयसवाल ने आगामी लोकसभा में होने वाले सोशल मीडिया सम्मेलन एवं शक्ति केंद्र स्तर पर होने वाले नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। मनोज जयसवाल ने बताया नुक्कड़ सभा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होनी है जिसकी व्यवस्था वहां के स्थानीय कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सोशल मीडिया के वोलंटियर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा की बूथ स्तर तक के सोसल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभाग करेंगे।

# इंटर के जिले के टाप टेन मेधावी छात्र–छात्राएं

चित्रकूट (आरएनएस)। इंटरमीडिएट में जिले के टाप टेन मेध ाावियों में ज्ञान भारती इंटर कालेज के छात्र शिवम चौरसिया ने 481 अंक पाकर 96.20 प्रतिशत के साथ प्रदेश में नौवा व जिले में पहला स्थान हासिल किया है। जिले में तुलसी इंटर कालेज राजापुर के अजय पांडेय ने 475 अंक के साथ 95 प्रतिशत, ज्ञान भारती कालेज की छात्रा काव्या रघुवंशी ने भी 475 अंक पाकर दूसरा स्थान, इसी कालेज की तीसरे स्थान पर रही छात्रा पूजा देवी ने 474 अंक प्राप्त कर 94.80 व हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन के अभिषेक कुमार ने भी 474 अंक प्राप्त किए। चित्रकूट इंटर कालेज के अभिषेक ने 473 अंक के साथ 94.60 प्रतिशत पर चौथा स्थान, तुलसी इंटर

कालेज के छात्र आकाश श्रीवास्तव ने 472 अंक पाकर 94.40 प्रतिशत के साथ पांचवो स्थान, बैजनाथ भारद्वाज इंटर कालेज के छात्र जगनायक ने भी 472 अंक हासिल किया। छठवें स्थान पर इसी कालेज के छात्र आयुष शुक्ला ने 471 अंक प्राप्त कर 94. 20 प्रतिशत व कमल कुमार त्रिपाठी ने भी 471 अंक हासिल किए। ज्ञान भारती इंटर कालेज की छात्रा प्रियंका देवी को 471 अंक मिले। सातवें स्थान पर तुलसी इंटर कालेज के छात्र प्रभाकर साहू को 470 अंक 94 प्रतिशत, आठवे स्थान में शांति देवी इंटर कालेज पहाड़ी की छात्रा शारदा देवी ने 469 अंक प्राप्त कर 93.80 प्रतिशत, नौवे स्थान पर परम विद्या मंदिर कालेज शिवरामपुर के छात्र सिद्धार्थ तिवारी ने 468 अंक के साथ 93.60 प्रतिशत व दसवे स्थान पर ज्ञान भारती इंटर कालेज के छात्र शिवम सिंह, छात्रा कृतिका राव को 466 अंक 93.20 प्रतिशत, जीडीएनडीएस के छात्र मानस कुमार ने भी 466 अंक हासिल किया है।

# थ्रेशर से महिला घायल

चित्रकूट (आरएनएस)। मऊ थाना क्षेत्र के लौरी गांव की नीलू पत्नी धीरेन्द्र थ्रेशर से गेंहू कतराई करते समय अचानक बाल फंस गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा दी जा रही है।

# सड़क हादसे में मदारी की मौत, दोस्त रेफर

चित्रकूट। (आरएनएस) दोस्त के साथ कर्वी की ओर आ रहे मदारी का खेल दिखाने वाले युवक की दुर्घटना में मृत्यु होने से परिजनों में शोक छा गया। दोस्त को गंभीर दशा के चलते डाक्टर ने बांदा रेफर किया है।बताया गया कि बांदा जिले के गिरवां गांव निवासी सगीर (25) पुत्र सम्मी खान बगल के शेखनपुरवा के संतोष के साथ बाइक से बीती शाम कर्वी की ओर आ रहे थे। अचानक सड़क हादसे में दोनो घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

# मुआवजे की रकम में धोखाधड़ी पर रिपोर्ट दर्ज

चित्रकूट (आरएनएस)। सड़क दुर्घटना में घायल युवक को अदालत के आदेश पर मिले मुआवजे की धनराशि में धोखाधड़ी की गई। इस मामले में अधिवक्ता समेत तीन के खिलाफ अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।बरगढ़ थाना क्षेत्र छरेहरा गांव निवासी चंद्रलोक ने बताया कि वह सड़क दुर्घटना में घायल हुआ व इलाज के दौरान उसका पैर कट गया था। इस पर अदालत में क्लेम का मुकदमा दायर किया था। अदालत ने 15 लाख 25 हजार रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता राजकिशोर त्रिपाठी के कहने पर पंजाब नेशनल बैंक में खाता खोला गया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।